कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 310, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | सोमवार 05 दिसंबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### खड़गे अध्यक्ष के अलावा राज्यसभा में पार्टी के नेता रहेंगे, राहुल गांधी कर चुके हैं विरोध

## कांग्रेस में वन मैन-टू-पोस्ट

**नई दिल्ली:** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे राज्यसभा में विपक्ष के नेता बने रहेंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक रविवार को कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि खड़गे न केवल पार्टी अध्यक्ष के रूप में, बल्कि राज्यसभा में विपक्ष के नेता के रूप में भी विपक्षी दलों के साथ जुड़ेंगे। ऐसे में अगर खड़गे दो पद संभालते हैं तो यह कांग्रेस की 'एक व्यक्ति, एक पद' पॉलिसी के उलट होगा। दूसरी तरफ, राहुल गांधी संसद के शीतकालीन सत्र में शामिल नहीं होंगे। यह फैसला दिल्ली में कांग्रेस स्टीयरिंग कमेटी की बैठक में लिया गया। बता दें कि इसी साल सितंबर में कांग्रेस अध्यक्ष के नॉमिनेशन के दौरान राहुल गांधी ने पार्टी में 'एक व्यक्ति, एक पद' पॉलिसी को सख्ती से लागू करने की बात कही थी। तब राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पार्टी अध्यक्ष का चुनाव लड़ने की तैयारी में थे, लेकिन वे मुख्यमंत्री पद नहीं छोड़ना चाहते थे। राहुल ने उस समय गहलोत को सलाह देते हुए कहा था- वन मैन-वन पोस्ट को लेकर वे आशा करते हैं कि कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव के मद्देनजर उदयपुर में लिया गया संकल्प कायम रखा जाएगा।

**खड़गे की अध्यक्षता में स्टीयरिंग कमेटी की पहली बैठक:** रविवार को दिल्ली के एआईसीसी हेडक्वार्टर में सीडब्ल्यूसी की बैठक हुई। पार्टी प्रेसिडेंट बनने के बाद खड़गे की यह पहली स्टीयरिंग कमेटी की बैठक थी। अपनी पहली बैठक में उन्होंने कहा- मेरा मानना है कि पार्टी और देश के प्रति हमारी जिम्मेदारी का सबसे बड़ा हिस्सा है। अगर कांग्रेस संगठन मजबूत होगा, जवाबदेह होगा, लोगों की उम्मीद पर खरा उतरेगा, तो ही हम चुनावी जीत हासिल कर देश के लोगों की सेवा कर पाएंगे। बैठक में पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी, राजस्थान के उट अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के सीएम भूपेश बघेल, केसी वेणुगोपाल, पी चिदंबरम और पार्टी के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए।

**राज्यसभा में विपक्ष के नेता से दिया था इस्तीफा:** खड़गे ने कांग्रेस प्रमुख के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल करने से पहले राज्यसभा में विपक्ष के नेता के रूप में इस्तीफा दे दिया था, लेकिन सूत्रों का कहना है कि वह कम से कम 7 दिसंबर को शुरू हो रहे संसद के शीतकालीन सत्र के लिए इस भूमिका में बने रह सकते हैं।

**भारत जोड़ो यात्रा पर हैं राहुल:** राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा पर हैं। सात सितंबर से कन्याकुमारी से उन्होंने इसकी शुरूआत की थी। 3,500 डट की दूरी तय करते हुए यह पदयात्रा 12 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों से होकर निकलेगी।




### राहुल ने बच्चों-महिलाओं से बात की

**यात्रा** सुसनेर के लालाखेड़ी मालवा स्थित अन्नपूर्णा ढाबा के पास कैंपस साइट से सुबह 6 बजे शुरू होकर अगले पड़ाव की ओर आगे बढ़ी। इस दौरान कबीर गायक पद्मश्री प्रहलाद सिंह टिपानिया ने भजनों की प्रस्तुति दी। इसके बाद करीब 10 बजे यात्रा अपने पहले पड़ाव पर गर्ल्स हॉस्टल के पास सोयतकलां आगर पहुंची, जहां यात्रियों ने टी ब्रेक लिया। यात्रा में कांग्रेस के दिग्गज नेताओं के साथ बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और स्थानीय नेता भी शामिल हैं। विधायक जीतू पटवारी, अरुण यादव और विक्रांत भूरिया भी यात्रा में पैदल चल रहे हैं। यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने सोयत के पास देहरिया गांव में रुककर बच्चों और महिलाओं से बात की। उनसे पूछा कि कैसे हो और क्या सुविधाएं मिल रही हैं? बच्चों और महिलाओं ने परेशानियां बताईं, जिन्हें हल करने के लिए राहुल गांधी ने स्थानीय विधायक विपिन वानखेड़े और पीसीसी सदस्य भेरूसिंह बापू को निर्देश दिए।

### राहुल गांधी निकालेंगे एक और यात्रा: कमलनाथ



**कमलनाथ** ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी एक और यात्रा निकालेंगे। कमलनाथ ने कहा कि बीजेपी सरकार ने हमारी यात्रा को डिस्टर्ब करने के लिए हर हथकंडे अपनाए, पर आप सबने देखा कि यात्रा कैसी रही है। राहुल गांधी एक और यात्रा निकालेंगे, जो पूर्व से पश्चिम की ओर जाएगी। मध्यप्रदेश ने असली राहुल गांधी को देख लिया है और अब सच को जान भी गए हैं। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह ने कहा बीजेपी वाले यात्रा आने से पहले खिल्ली उड़ाते थे, आज उनकी नींद उड़ी हुई है। वो कहते थे कि कांग्रेस बूढ़ों की पार्टी है कौन रहेगा उनके साथ। आज सबने देख लिया कि कौन-कौन राहुल जी के साथ हैं। हमारी यात्रा रोकने के लिए भाजपा सरकार ने इंदौर में पोस्टर हटवाए, महू में 2 बार बिजली काटी गई। मप्र में यह यात्रा 6 जिलों में कुल 399 किमी का सफर तय कर आगर पहुंची थी, जो यहां तीन दिन, दो रात रुककर अन्य जिलों से अधिक 97 किमी की यात्रा पूर्ण कर लेगी। यातायात थाना प्रभारी जगदीश गुर्जर के अनुसार यात्रा के दौरान सुसनेर से सोयत और सोयत से सुसनेर हाईवे रोड बंद रहेगा।

## कमलनाथ की बीजेपी, संघ को खुली चुनौती

### राहुल गांधी से धर्म-अध्यात्म पर बहस कर लें; पता चल जाएगा किसको कितना ज्ञान

**आगर: मध्यप्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने बीजेपी, आरएसएस और विश्व हिंदू परिषद को खुली चुनौती दी है। उन्होंने कहा कि बीजेपी, आरएसएस और विहिप का कोई भी नेता आ जाए और राहुल गांधी से धर्म और अध्यात्म पर बहस कर लें। मैं चैलेंज देता हूं। पता चल जाएगा किसको इस विषय पर कितना ज्ञान है। दरअसल भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल ने ओंकारेश्वर और महाकाल के दर्शन किए। जय सियाराम का नारा लगवाकर उसकी व्याख्या अपने अंदाज में की थी। नर्मदा आरती की। इस पर बीजेपी उन्हें चुनावी हिंदू कह रही है। जिसके जवाब में कमलनाथ ने बीजेपी, आरएसएस और विहिप को सीधी चुनौती दी है। बता दें कि एमपी में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का आज 12वां और अंतिम दिन है। अभी ये यात्रा आगर जिले में है। यहां सबसे ज्यादा तीन दिन और दो रात रुकने के बाद देर शाम यह यात्रा मध्यप्रदेश से राजस्थान में प्रवेश कर जाएगी। यात्रा आगर में अन्नपूर्णा ढाबा के पास कैंपस साइट से सुबह 6 बजे शुरू हुई और करीब 10 बजे अपने पहले पड़ाव पर गर्ल्स हॉस्टल के पास सोयतकलां, आगर पहुंची।



### हैकर्स ने ऑनलाइन बेचा 1.5 लाख मरीजों का डेटा

**चेन्नई:** तमिलनाडु के श्री सरन मेडिकल सेंटर के 1.5 लाख मरीजों का पर्सनल डेटा हैकर्स ने ऑनलाइन बेच दिया। इस डेटा ब्रीच की जानकारी साइबर खतरों पर नजर रखने वाली कंपनी क्लाउडसेक ने दी। कंपनी के मुताबिक, मरीजों का पर्सनल डेटा साइबर क्राइम फोरम और एक टेलीग्राम चैनल पर बेचा गया है।

### विस सत्र: योगी सरकार पेश करेगी अनुपूरक बजट



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधान सभा का शीतकालीन सत्र पांच दिसम्बर से सात दिसम्बर तक चलेगा। इस सत्र में योगी आदित्यनाथ सरकार अनुपूरक बजट लाएगी। विधान सभा सत्र से पहले रविवार को विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना की ओर से बुलाई गयी सर्वदलीय बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रतिनिधि के रूप में संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, सपा के मुख्य सचेतक मनोज पाण्डेय, कांग्रेस की नेता विधान मण्डल दल आराधना मिश्रा मोना, सुभासपा नेता ओपी राजभर, बसपा नेता उमाशंकर सिंह समेत अन्य दलीय नेता शामिल हुए। विधान भवन में आयोजित सर्वदलीय बैठक में विधान सभा अध्यक्ष ने सभी दलीय नेताओं से सत्र को निर्बाध रूप से संचालित करने के लिए सहयोग मांगा, जिस पर सबने आश्वासन दिया है। इसके अलावा कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में सदन के एजेण्डे पर चर्चा हुई। विधानसभा अध्यक्ष ने सभी दलीय नेताओं से सत्र के दौरान सकारात्मक माहौल के साथ चर्चा की अपील की कि वे अपना पक्ष सदन में शालीनता एवं संसदीय मर्यादा के तहत रखें। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने दलीय नेताओं को आश्वस्त किया कि सरकार पूरी गंभीरता के साथ सदन में प्राप्त सदस्यों के प्रस्तावों को सकारात्मक रूप से आगे बढ़ाने, विकास की योजनाओं को गति देने और आगे बढ़ाने में तत्परतापूर्वक कार्य करेंगे। विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना की संस्तुति पर सत्र का कार्यक्रम जारी किया गया है। जारी कार्यक्रम के मुताबिक सोमवार को सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होगी।

### कश्मीर फाइल्स को 3 और जूरी मेंबर्स ने प्रोपेगैंडा कहा

**नई दिल्ली:** फिल्म द कश्मीर फाइल्स को वल्गर और प्रोपेगैंडा बताने वाले इजरायली फिल्म प्रोडयूसर नदाव लैपिड का तीन जूरी ने सर्मथन किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक जूरी मेंबर जिन्को गोटोह, पास्कल चावेंस, जेवियर एंगुलो बारटुरेन ने एक ट्वीट किया। ट्वीट में लिखा- लैपिड ने जूरी चीफ के रूप में जो भी कहा उसे पूरी जूरी जानती है और हम उससे सहमत हैं। उन्होंने यह दावा भी किया कि लैपिड का अपना ये निजी बयान था। हालांकि इस बयान में भारतीय फिल्म निर्माताा सुदीप्तो सेन का नाम नहीं है, जो उस कार्यक्रम में शामिल थे। दरअसल, गोवा में 53वें इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के समापन समारोह में लैपिड ने द कश्मीर फाइल्स को वल्गर और प्रोपेगैंडा बताया था। इसके बाद से ही उनके बयान को लेकर विवाद शुरू हो गया।

**लैपिड का मतलब पंडितों की त्रासदी को नकारना नहीं था:** उन्होंने कहा लैपिड ने यह साफ भी कर दिया कि उनका मतलब कश्मीरी पंडितों की त्रासदी को नकारना नहीं था, बल्कि उन्होंने केवल फिल्म के सिनेमैटिक जोड़-तोड़ पर टिप्पणी की थी।

### जहां यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू, वहां की सरकारों से सुझाव ले रहे: विज

## यूसीसी लागू करने की तैयारी में हरियाणा सरकार

**अंबाला:** उत्तराखंड की तर्ज पर हरियाणा में भी यूनिफॉर्म सिविल कोड (समान नागरिक संहिता) लागू हो सकता है। हरियाणा सरकार यूसीसी पर अध्ययन कर रही है। जिन-जिन प्रदेशों में लागू किया गया है या फिर जिन प्रदेशों में लागू करने की योजना है सरकार उनसे भी सुझाव ले रही है। हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने कहा है कि हम यूसीसी पर अध्ययन करा रहे हैं। अध्ययन करने के बाद सरकार इस पर फैसला करेगी।

**गोवा में पुर्तगाल सरकार के समय से लागू है यूसीसी:** बता दें कि गोवा में पुर्तगाल सरकार के समय से ही यूनिफार्म सिविल कोड लागू किया गया था। वर्ष 1961 में गोवा सरकार यूनिफॉर्म सिविल कोड के साथ ही बनी थी। अब गुजरात और मध्यप्रदेश में सरकार वउउ लागू करने की पूरी तैयारी में है। इसके लिए कमेटी गठित की गई हैं। हालांकि, उत्तराखंड में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू भी किया जा चुका है।




**क्या है यूनिफॉर्म सिविल कोड:** यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) सभी धार्मिक समुदाय पर लागू होने के लिए 'एक देश एक नियम' का आह्वान करता है। फिर चाहे वह किसी भी जाति, धर्म, समुदाय से संबंधित क्यों न हो। यूनिफॉर्म सिविल कोड का मतलब है शादी, तलाक और जमीन जायदाद के हिस्से में सभी धर्मों के लिए केवल एक ही कानून लागू होना। यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू होने से सभी समुदाय के लोगों को एक समान अधिकार दिए जाएंगे। समान नागरिक संहिता लागू होने से भारत की महिलाओं की स्थिति में सुधार होगा।



मां हीराबेन से मिलने पहुंचे पीएम मोदी। आज गुजरात चुनाव के दूसरे चरण में अहमदाबाद में डालेंगे वोट।

## गैंगस्टर के हत्यारों ने पुलिस पर की फायरिंग

**सीकर:** राजस्थान के कुख्यात गैंगस्टर राजू ठेहट की हत्या में शामिल चार शूटर्स सहित पांच आरोपियों को रविवार सुबह पुलिस ने हिरासत में लिया है। राजस्थान पुलिस के मुताबिक, दो बदमाशों को हरियाणा के बॉर्डर के पास डाबला से पकड़ा गया है, जबकि तीन की गिरफ्तारी झुंझुनूं के पौंख गांव से हुई है। पौंख गांव में बदमाशों को पकड़ने के लिए पुलिस ने रातभर ऑपरेशन चलाया था। इस ऑपरेशन में 200 से ज्यादा पुलिस जवानों की 15 टीमें शामिल थीं, जिसे झुंझुनूं और सीकर रढ लीड कर रहे थे। झुंझनूं के पहाड़ी क्षेत्र में पुलिस और आरोपियों के बीच मुठभेड़ हुई। एनकाउंटर में दो बदमाश के पैर में गोली लगी। हत्या के बाद भागते वक्त ऑल्टो गाड़ी के पास खड़े एक व्यक्ति ताराचंद कड़वासरा से चाबी छीनी। ताराचंद ने इसका विरोध किया तो उन्हें भी बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। इसके साथ ही कैलाश चंद्र नाम के व्यक्ति को भी इस दौरान पैर में गोली मारी थी। उनका इलाज चल रहा है। भागने के दौरान ये लोग झुंझुनूं जिले की बागोली नदी में उतर गए। इससे पहले उन्होंने इलाके में फायरिंग की। पुलिस ने इन्हें सब तरफ से घेर लिया था। तलाशी अभियान चला रहे थे। ये रात का फायदा उठाकर हरियाणा भागना चाह रहे थे। दो बदमाश हरियाणा बॉर्डर के पास डाबला में खेत में छुपे हुए थे। इन्हें विदेशी हथियारों के साथ पुलिस ने दबोच लिया।



### एफबीआई ने गोल्डी बराड़ पर दर्ज केसों का रिकॉर्ड मांगा

**अमृतसर:** पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड का मुख्य आरोपी अब अमेरिका के कैलिफोर्निया में डिटेन किया जा चुका है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने खुद इसकी पुष्टि की है। सूचना है कि अमेरिका की खुफिया एजेंसी एफबीआई ने गृह मंत्रालय के माध्यम से पंजाब पुलिस के साथ संपर्क साधा है। एफबीआई की तरफ से गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के बारे में जानकारियां और उस पर पंजाब में दर्ज केसों की विस्तृत जानकारी मांगी गई है।

## दूसरे चरण में कई दिग्गजों की साख दांव पर

**अहमदाबाद:** गुजरात विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण में 14 जिलों की 93 सीटों पर 5 दिसंबर को मतदान होगा। इनमें एक बड़ा हिस्सा मध्य प्रदेश और राजस्थान की सीमा से लगने वाली सीटों का भी है, जिसमें आदिवासी बहुल पंचमहल भी है। इन क्षेत्रों में गुजरात की राजधानी गांधीनगर, अहमदाबाद, वडोदरा और दूध उत्पादन के लिए विश्व प्रसिद्ध आणंद भी शामिल है। इन 93 सीटों पर कांग्रेस और भाजपा के कई दिग्गजों की साख दांव पर रहेगी।

**पीएम मोदी और गृहमंत्री शाह के क्षेत्र भी:** गुजरात में दूसरे चरण की 93 सीटों पर मतदान से पहले गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद में लगभग 50 किलोमीटर लंबा रोड शो किया। इस चरण में जिन सीटों में चुनाव होना है उनमें प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह का क्षेत्र भी शामिल है।

ऐसे में भाजपा के लिए यह चरण प्रतिष्ठा के साथ अपनी चुनावी बढ़त को मजबूत करने के लिए भी अहम होगा। खासकर उत्तर गुजरात जहां पिछली बार वह कांग्रेस से पिछड़ गई थी। कांग्रेस के लिए भी यह चरण काफी अहम है।

**कितनी सीटों पर मतदान?** उत्तर व मध्य-पूर्व गुजरात के 14 जिला की 93 सीट पर यानि कुल 51 प्रतिशत सीट पर मतदान होगा। जिसमें 74 सामान्य तो 6 एससी और 13 सीटें एसटी की हैं। कुल 2.51 करोड़ मतदाताओं में से 1.22 करोड़ महिलाएं हैं। 18 से 19 वर्ष के 5.96 लाख मतदाता हैं। 90 वर्ष अधिक उम्र के 5400 मतदाता हैं।

**दूसरे चरण के लिए कौन-कौन सी सीटें हैं मत्वपूर्ण ?:** सोमवार को होने वाले मतदान में महत्वपूर्ण मानी जाने वाली सीटों में अहमदाबाद घाटलोडिया, नरोडा, वटवा, विसनगर, थराद, महेसाणा, विरमगाम, गांधीनगर (दक्षिण), खेडब्रह्मा, मांजलपुर, वाघोडिया, खेरालु, दस्कोई, छोटा उदेपुर, संखेडा आदि शामिल हैं।



## अंकिता भंडारी के हत्यारों का नार्को टेस्ट होगा

**नई दिल्ली:** उत्तराखंड वनंतरा रिसॉर्ट की रिसेप्शनिस्ट अंकिता भंडारी मर्डर केस के सभी आरोपियों का नार्को टेस्ट होगा। इसके लिए कोर्ट में अपील कर दी गई है। मंजूरी मिलते ही नार्को टेस्ट कराया जाएगा। टेस्ट कराने के बाद ही अंकिता भंडारी हत्याकांड की चार्जशीट कोर्ट में पेश की जाएगी। हत्या के आरोपियों ने 18 सितंबर को भंडारी को चिल्ला नहर में धकेल दिया था। अंकिता की लाश 24 सितंबर को मिली थी।

**सबूत पुख्ता करना चाहती है पुलिस:** रिपोर्ट्स के मुताबिक पुलिस का कहना है कि वह तीनों आरोपियों के खिलाफ सबूतों को पुख्ता करने और सख्त सजा दिलाना चाहती है।

इसलिए तीनों का नार्को टेस्ट करवाने की मंजूरी के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है।



गौरतलब है कि उत्तराखंड में ऋषिकेश के वनंतरा रिसॉर्ट में 19 साल की रिसेप्शनिस्ट अंकिता भंडारी की रिसॉर्ट मालिक और उसके दो साथियों ने हत्या कर दी थी।

22 सितंबर को राजस्व पुलिस से नियमित पुलिस बल को मामला सौंपे जाने के 24 घंटे के भीतर रिसॉर्ट ओनर पुलकित आर्य समेत सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया था। आरोपी पुलकित, भारतीय जनता पार्टी के पूर्व नेता विनोद आर्य का बेटा है। हत्याकांड में नाम सामने आने के बाद उन्हें पार्टी ने निष्कासित कर दिया था।

# नए वित्तीय वर्ष से देना होगा जीआईएस सर्वे के बाद बढ़ा गृहकर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जीआईएस सर्वे के बाद 82 हजार भवन स्वामियों को नगर निगम की तरफ से बढ़ा हुआ गृहकर जमा करने के लिए नोटिस भेजी जा रही थी। ऐसे में भवन स्वामियों के लिए यह मुसीबत का सबब बन गया था। सदन में कई बार पार्षदों ने नए वित्तीय वर्ष से बढ़े हुए कर की वसूली की मांग भी उठाई थी।

रविवार को सदन की बैठक में सर्व सम्मति से इसमें राहत देते हुए नए वित्तीय वर्ष से बढ़े हुए गृहकर को जमा करने के प्रस्ताव पर मोहर लग गई। इससे इन भवन स्वामियों को बढ़ी राहत मिली है।सदन की बैठक के दौरान कार्यकारिणी की बैठक में बनाए गए प्रस्तावों पर चर्चा हुई। इस दौरान स्ट्रीट लाइट, सीवर लाइन कनेक्शन से लेकर दूसरे मुद्दे भी उठे। पार्षदों ने अपने-अपने वार्डों में रूके कार्यों को समय ये पूरा कराने की मांग की। इस दौरान जीआईएस सर्वे के बाद बढ़े हुए गृहकर और जलकर की वसूली फिलहाल टाल दी गई है। महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी ने सदन में कहा कि सभी आपत्तियों के निस्तारण के बाद जिस वित्तीय वर्ष से बढ़े हुए कर का बिल प्रस्तुत किया जाएगा।

उसी समय से बढ़े कर की वसूली हो सकती है। कहा कि फिलहाल अभी आपत्तियों का निस्तारण नहीं हो सका है। इसलिए कर की वसूली अभी नहीं होगी। इसके साथ ही इस पर कोई एरियर या बकाया नहीं जोड़ा जाएगा। इससे करीब 82 हजार भवन स्वामियों को लाभ मिलेगा।

इसके साथ ही नगर निकाय चुनाव के बाद शहरियों को गृहकर में छूट देने के लिए ओटीएस यानी एक मुश्त समाधान योजना भी लागू करने की तैयारी में नगर निगम है। महापौर ने सदन में बताया कि इसकी फाइल शासन को भेज दी गई है। चुनाव के बाद शहरियों को गृहकर में ओटीएस स्कीम की सुविधा दी जाएगी। सदन की बैठक में नियमित कर्मचारियों को मम्फोर्डगंज, खुल्दाबाद, तुलारामबाग, रामबाग, करैलाबाग, हैजा अस्पताल के पास स्थित नगर निगम की कालोनियों का आवंटन मौजूद समय के सर्किल रेट के हिसाब से किया जाएगा।

इसके अलावा 213 अधिनियम के तहत सम्पतियों के मूल्यांकन में किसी भी प्रकार की त्रुटि होने पर उसमें संशोधन करने का प्रस्ताव भी सदन की बैठक में पास हो गया। साथ ही निगम के नियमित कर्मचारियों के लिए सदन में नगर निगम कर्मचारी कल्याण बोर्ड को भी मंजूरी मिल गई है। कर्मचारी यूनियन अध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव लंबे समय से इसकी मांग कर रहे थे। इसके अन्तर्गत नियमित कर्मचारियों के साथ किसी भी प्रकार की आकस्मिक दुर्घटना में पांच हजार का सहयोग किया जाएगा। इसकी रिकवरी नहीं होगी। इसके अलावा नियमित कर्मचारियों से प्रतिमाह 40 रुपये काटे जाएंगे। जो बोर्ड के खाते में जमा होगा। जरूरत पर 15 रुपये की सहायता राशि कर्मचारी को दी जाएगी।





## 8 दिसंबर को अन्नपूर्णा कैंटीन का होगा उद्घाटन, मिलेगा सस्ता खाना

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी योजना अन्नपूर्णा कैंटीन का रास्ता साफ हो गया। कैंटीन बनकर तैयार हो गई है। अब गरीबों को 10 रुपये प्रति प्लेट भोजन और पांच रुपये में नास्ता मिलेगा। सदन की बैठक में महापौर अभिलाषा गुप्ता नंदी ने बताया कि 8 दिसंबर को कैंटीन का उद्घाटन होगा। इसके बाद से यह शुरू हो जाएगी। हालांकि 2017 में पहली बार मुख्यमंत्री बनने के बाद योगी आदित्यनाथ ने इसकी घोषणा की थी। उसके बाद से अभी तक कैंटीन शुरू होने का इंतजार चल रहा था, जो अब जाकर पूरा हुआ है।

## एक लाख तक का काम जोनल अधिकारी कर सकेंगे स्विकृत

नगर निगम के कार्यो में देरी को रोकने के लिए सदन की बैठक में प्रस्ताव पास करके जोनल अधिकारियों को एक लाख रुपये तक का कार्य कराने की स्विकृति दी गई। इस प्रस्ताव पर सभी पार्षदों ने सहमति जताई। कहा कि इससे वार्डों में होने वाले छोटे कार्यों को समय से पूरा कराने में मदद होगी। यह व्यवस्था हमेशा के लिए लागू कर दी गई।



## फोटो, श्रीमद् भागवत कथा में बच्चों ने निकाली झांकी

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** क्षेत्र के मधू का पूरा गांव में चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा के सातवें व अंतिम दिन रविवार को कथा व्यास पं. लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने भागवत माहात्म की महिमा का वर्णन करते हुए श्री कृष्ण व सुदामा के मित्रता की आकर्षक झांकी प्रस्तुत करते हुए कथा कही। उन्होंने श्रीकृष्ण व सुदामा की सच्ची व पक्की मित्रता का गुणगान किया। और बताया कि जिसका दामन साफ हो वही सुदामा है। पत्नी सुशीला के विषय में बताया कि जो बहुत

### श्रीमद् भागवत कथा में बच्चों ने निकाली मनमोहक झांकी

सज्जन हो वही सुशीला है ।उन्होंने एकादशी माहात्म की महिमा का गुणगान भी किया।

कलाकारों की ओर से श्रीकृष्ण व सुदामा की मनमोहक झांकी भी निकाली गई ।जो लोगों को मंत्रमुग्ध किए रही। कथा के मुख्य श्रोता यजमान त्रिविक्रम त्रिपाठी ने कथा व्यास सहित सभी आचार्य जनों का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया। कथा के आयोजक राजशेखर त्रिपाठी व संयोजक विधुशेखर त्रिपाठी तथा व्यवस्थापक हरिकेश त्रिपाठी ने सभी भक्तजनों का आभार जताया। और बताया कि सोमवार को हवनोपश्चात कथा की पुणार्हुति होगी। और बृहद भंडारा भी आयोजित किया गया है। वही सायंकालीन में सामूहिक रूप से आरती की गई ।और महिलाओं की ओर से सुमांगलिक गीत भी गाए गए। वही कलाकारों की ओर से भजन संध्या की प्रस्तुतियां भी हुई। इस मौके पर भारी तादाद में भक्त श्रद्धालु जन सहित काफी महिलाएं भी मौजूद रही।

## गुंडई से जबरियन खेत पर कब्जा करने पर चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** गुंडई के बल पर जबरियन खेत पर कब्जा कर के बुआई कर दी गई।विरोध पर जान से मारने की धमकी देकर उल्टा एस सी एसटी में फंसाने की धमकी दी गयी। चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज।

मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सिंसईसिपाह निवासी नसीम उद्दीन पुत्र अमरुल्ला का आरोप है कि उसकी भूमिधरी जमीन जिसपर उसका हमेशा से कब्जा दखल चला आ रहा है। गांव के कतिपय गुंडा प्रवृत्ति के माफिया लोग खेत पर जबरियन कब्जा करके बुआई कर दिए । विरोध पर जान से मारने की धमकी देते हुए। उल्टा एस सी एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी दी गई। नसीम उद्दीन ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर अजय कुमार भारतीय ,छोटेलाल भारतीय ,बाबूराम ,विजय कुमार भारतीय के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# पुलिस की मौजूदगी में भाजपा जिलाध्यक्ष पर हमला

## विधायक के घर के पास जिलाध्यक्ष की गाड़ी पर हुआ हमला

**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** तिलक समारोह से लौट रहे भाजपा जिला अध्यक्ष गंगापार अश्वनी दुबे पर उस वक्त हमला हुआ जब वह विधायक के घर के पास पहुंचे थे। जिला अध्यक्ष की गाड़ी के आगे सरायइनायत एसओ भी चल रहे थे। पुलिस की मौजूदगी में जिलाध्यक्ष पर हुआ हमला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है कि हमलावरों में तनिक भी पुलिस का भय नहीं था। मामले पुलिस ने पूर्व प्रधान की तहरीर पर दो नामजद व आधा दर्जन अज्ञात के खिलाफ एसटीएससी सहित कई धाराओं में मामला दर्ज किया है।

भाजपा जिला अध्यक्ष गंगापार अश्वनी दुबे शनिवार की रात अंदावा गांव में एक तिलक समारोह में शामिल होने गए थे। उनकी गाड़ी अंदावा गांव में पहुंची थी तभी कुछ युवक एक युवक को पीट रहे थे जिसका जिला अध्यक्ष उनके साथ चल रहे लोगों ने बीच-बचाव किया तो आक्रोशित हमलावरों ने जिला अध्यक्ष व उनके सहयोगियों से बदसलूकी करने लगे। किसी तरह



जिला अध्यक्ष अपने लोगों के साथ तिलक समारोह में शामिल होने चले गए वहां भी हमलावर पंहुचा गए और घेराबंदी करने लगे। मामले की सूचना सरायइनायत पुलिस को दी गई मौके पर एसओ सरायइनायत भी पंहुच गए।

कार्यक्रम से लौटते वक्त जिला अध्यक्ष विधायक के घर के पास पहुंचे थे वही हमलावरों ने उनकी गाड़ी रोक ली और पत्थर मारकर गाड़ी का शीशा तोड़ दिया बताया जाता है कि जिलाध्यक्ष के साथ मौजूद पूर्व प्रधान, गाड़ी चालक और सरकारी गनर के साथ भी मारपीट की गई। मामले की सूचना मिलते ही भारी संख्या में भाजपाई सरायइनायत थाने पहुंच गए और जल्द से जल्द हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। रविवार की सुबह पूर्व प्रधान लल्लू सोनकर की तहरीर पर पुलिस ने दो नामजद व आधा दर्जन अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। सीओ फूलपुर भी थाने पर पहुच गए थे। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष गंगापार अश्वनी दुबे के साथ ब्लाक प्रमुख बहादुरपुर अरुणेंद्र यादव उर्फ डब्बू, जिला महामंत्री गंगापार मनोज निषाद, पिंटू अग्रवाल, आत्मा दुबे, पिंटू गुप्ता, अमित सहित भारी संख्या में भाजपाई मौजूद रहे।

# खंड संघचालक की हुई शोकसभा

## बहुत ही सरल स्वभाव और महर्षि के समान थे ननकू लाल : वीरेंद्र जायसवाल

**अखंड भारत संदेश**

**जारी, प्रयागराज।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जसरा खंडके खंड संघचालक ननकू लाल के निधन पर जारी बाजार में शोक सभा का आयोजन किया गया। जिस पर उपस्थित लोगों ने 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धा सुमन भेंट किया।

बीते 30 नवंबर दिन बुधवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खंड जसरा के संघचालक जारी बाजार निवासी ननकू लाल का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया था। जिस पर आज दिन रविवार को सुबह 10:00 बजे सरस्वती शिशु मंदिर जारी के प्रांगण में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकताओं द्वारा शोक सभा का आयोजन किया गया।

शोक सभा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के यमुनापार जिले के वरिष्ठ पदाधिकारी वीरेंद्र जायसवाल ने स्वर्गीय खंड संघचालक के जीवन पर प्रकाश डालते हुए स्वयंसेवकों को उनके



द्वारा दिए गए प्रेरणा और आदर्शों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा ननकू लाल का जीवन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लिए पूर्णतया समर्पित था वह पूर्णकालिक स्वयंसेवक ना होते हुए भी पूरे समय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और राष्ट्र के हित के लिए चिंतन करते रहते थे।

वह बहुत ही सरल स्वभाव के और महर्षि के समान थे । उनका संघ के प्रति समर्पण आज हम सबके लिए प्रेरणा का कार्य कर रहा है। अन्य वक्ताओं में बजरंग बहादुर सिंह गोविंद शरण ,राम सजीवन, केसरवानी ,त्रिभुवन नाथ केसरवानी ,दिलीप केसरवानी ने भी ननकू लाल के जीवन पर विस्तार से चर्चा करते हुए प्रकाश डाला। उक्त शोक सभा में प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह, अजय यादव, शुभम, प्रांशु,बृजेश ,उमाशंकर, भगवान जी, शिवांशु, वैभव, ओम, कृपा, ईश, विकास, ध्रुव, श्लोक, आर्यन, कुणाल, अंशु ,विष्णु, अमन आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे। जो 2 मिनट का मौन रखकर भगवान से मृत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया। अंत में सभी ने चित्र पर पुष्प अर्पित किया।

## निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर 7 दिसंबर को करछना के भरहा में

**करछना।** हरिओम हॉस्पिटल करछना के भरहा में निः शुल्क स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन 7 दिसंबर दिन बुधवार को किया जायेगा, जिसमें खून, पेशाब, बीपी,सुगर ई.सी.जी.आदि की निः शुल्क जांच के बाद दवाएं दी जाएगी, उक्त आशय की जानकारी देते हुए अस्पताल के निदेशक डॉ. नंद कुमार गुप्ता ने मरीजों को समय से कैम्प में उपस्थित होकर निः शुल्क स्वास्थ्य लाभ उठाएं जाने की अपील की है उन्होंने बताया कि कैम्प में मरीजों की देखभाल के लिए कुशल चिकित्सको?? के द्वारा जांच की जायेगी तथा जांच के बाद मरीजों को निः शुल्क दवाएं दी जाएगी कैम्प के दिन किसी भी आपरेशन एवं रजिस्ट्रेशन कराने वाले मरीजों को विशेष छूट दी गई है, उक्त आशय की जानकारी हरिओम हॉस्पिटल के निदेशक डॉ नंद कुमार गुप्ता ने बताया कि निः शुल्क कैम्प में मरीजों को जांच में बाल रोग विशेषज्ञ एवं फीजिशियन डॉ राघवेंद्र शर्मा, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ पल्लवी सिंह, डॉ, आंकाक्षा राय, डॉ आर के शुक्ला, नेत्र रोग विशेषज्ञ,डॉ सुनील विश्वकर्मा, डॉ मृत्युंजय सिंह यादव, डॉ आर के शुक्ला, आदि कुशल चिकित्सकों की उपस्थिति में होगा।


## स्वाभिमान जिंदगी का साधक होता है: पं लक्ष्मी नारायण

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** मनुष्य को कभी भी अभिमान नहीं करना चाहिए। और न तो अपने स्वाभिमान को झुकने देना चाहिए। क्योंकि अभिमान जहां लोगों के पतन का कारण बनता है। वही स्वाभिमान जिंदगी जीने का साधन भी होता है । उक्त उद्गार क्षेत्र के मधूका पूरा गांव में जन कल्याण हेतु चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा के छठवें दिन शनिवार को कथावाचक के रूप में कथा के व्यासपीठ पर विराजमान कथा व्यास पं लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने कही । उन्होंने कंस के अभिमानी व अक्रूर के स्वाभिमानी कथा का वर्णन विस्तार पूर्वक कहीं। और यही दोनों में अंतर भी बताया। इसके साथ ही साथ अंकूर की उपमा भरत से भी की । इसके अलावा रुक्मणी विवाह का प्रसंग सुनाकर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया । वही कलाकारों की ओर से रुक्मणी विवाह की आकर्षक झांकी भी निकाली गई । जो लोगों को मंत्रमुग्ध किए रही। उन्होंने बताया कि भागवत कथा सुनने से मानव का कल्याण होता है। मुख्य श्रोता यजमान सेवानिवृत्त शिक्षक



त्रिविक्रम त्रिपाठी की ओर से कथा व्यास सहित सभी आचार्य जनों का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। कथा के आयोजक राज शेखर त्रिपाठी व संयोजक विधु शेखर त्रिपाठी तथा व्यवस्थापक हरिकेश त्रिपाठी की ओर से सभी भक्त जनों के प्रति आभार भी जताया गया ।इस मौके पर मधुसूदन शुक्ल सुदर्शन मिश्र कृपाशंकर मिश्र सतीश चंद्र पांडेय लाल जी शुक्ल बेनी माधव मिश्र प्राण नाथ शुक्ल श्याम राल्ही अमरनाथ पांडेय इंदु शेखर त्रिपाठी उमानाथ द्विवेदी हृषिकेश त्रिपाठी रंजन त्रिपाठी ग्राम प्रधान निदौरी पंकज पांडेय सहित आदि भक्तजन के अलावा भारी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।



## सड़क के लिए दर दर भटक रहें हैं हसनपुर गांव के निवासी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापपुर।** जंघई बरना संपर्क मार्ग से जुड़ने वाला रास्ता जो कि रस्तीपुर गांव से हसनपुर होते हुए नीभापुर जौनपुर जिले मे मिलती है उस मार्ग पर करीब 17 वर्ष पहले जिला पंचायत प्रयागराज द्वारा पेंटिंग का कार्य प्रस्तावित था परंतु सड़क पर गिट्टी डालकर छोड़ दिया गया था और आज तक सड़क नही बनी।जिस पर लोग फिसलकर चुटहिल हो रहे है बार बार ग्रामीणों ने सड़क को काली कराने की मांग प्रशासन से किया ताकि आवागमन सुचारू रुप से हो सके परंतु प्रशासन या जन प्रतिनिधियों का ध्यान नही जा रहा है जिसके कारण आम नागरिकों मे रोष व्याप्त है लोगो के मन मे यही सवाल है आखिर कब बनेगी सड़क।समाजसेवी विशाल सिंह राजपूत ने बताया कि जिला पंचायत अध्यक्ष कुंवर वीके सिंह से आग्रह है संभव इस मार्ग पर पेंटिंग कार्य कराएं या फिर इस सड़क को लोक निर्माण विभाग को सौंप दें ताकि समय समय पर मरम्मतीकरण का कार्य भी होता रहे। आजादी के बाद से हसनपुर गांव के लोग एक सड़क के लिए तरस रहे हैं करीब तेरह सौ मीटर रस्तीपुर हसनपुर मार्ग को बनवाने के लिए कोई पहल नहीं कर रहा है कई बार प्रार्थना पत्र दिया गया ताकि आवागमन करने वाले ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके और आवागमन सुचारू रुप से हो सके।

## अनुवां जल निगम टंकी से बोर पाइप चोरी होने के कारण 4 महिने से पानी की सप्लाई से बंद

**अखंड भारत संदेश**

**जंघई।** अनुवां जल निगम टंकी से दर्जनों गांवों में पानी की सप्लाई होती थी विगत चार महीने से पानी की सप्लाई बंद है। मोटर जलने के कारण बोर में लगी 13 लोहे की पाइप को बाहर निकाला गया था कि जब मोटर बनकर आएगी तो पुनः बोर पाइप अंदर डाली जाएगी। मोटर बनकर आई लेकिन इसी बीच सभी 13 लोहे की पाइप ही गायब हो गई जिसके कारण विगत चार महीने से सप्लाई बंद है।

# नए उचित दर विक्रेता का चयन किए जाने की मांग

### उचित दर विक्रेता अल्हवा की निलंबित चल रही दुकान

**अखंड भारत संदेश**

**पासना/कोरांव।** प्रयागराज। भ्रष्ट और गंभीर अनियमितताओं के आरोप में गठित जांच टीम की रिपोर्ट के आधार पर निलंबित उचित दर विक्रेता अल्हवा तहसील कोरांव प्रयागराज की दुकान निरस्त कर ईमानदार नई उचित दर विक्रेता का चयन किए जाने की ग्राम वासियों और कार्ड धारकों ने मांगें की है।उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत अल्हवा लाल बहादुर पाल की दुकान उप जिलाधिकारी कोरांव ने गंभीर आरोपों की जांच खंड विकास अधिकारी कोराव एवं क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी कोरांव आदि अधिकारियों की टीम गठित कराकर ग्रामीणों कार्ड धारकों आदि की शिकायत और तहसील मुख्यालय पर प्रदर्शन किए जाने पर गांव में खुले आम जांच होने के पश्चात प्राप्त आख्या और संस्तुति के आधार पर आरोपों की तीन तीन बार आरोप पत्र के जवाब न दिए जाने पर जिलाधिकारी प्रयागराज की अनुमति से निलंबित कर दिया था। और खाद्य सामग्रियों की आपूर्ति ग्राम जमुआ धूंस की दुकान में अटैच कर दिया गया है। इस बाबत ग्राम प्रधान ने भी खुली बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार सक्षम अधिकारियों से कार्यवाही की चिट्ठी लिखी थी। जिस पर कोटेदार के पुत्र पवन पाल ने तरह तरह की धमकियां प्रधान को दी थी जिस पर प्रधान अल्हवा अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे ने थाना पुलिस कोरांव में प्रथिमिकियां दर्ज कराई है।

बता दें कि उक्त कोटेदार अल्हवा पूर्व में भी वर्स दो हजार बारह में भी धारा 3/7 आवस्यक खाद्य वस्तु अधिनियम के तहत थाना कोरांव में मुकद्दमां दर्ज हुआ था और जेल भी गया था। जमानत पर छुटा है। जो आज भी सक्षम न्यायालय में केस चल रहा है। दो तीन बार शिकायतोपरांत नोटिस और चेतावनी के साथ अनुबंध पत्र भी सासन के पक्ष में जब्त किया जा चुका है। फिर भी सुधार नहीं लाया। और कार्ड धारकों का फिंगर पास मशीन पर लगवा लगवा खाद्यान्न न दे कर ब्लैक कर लेता था। इस बाबत सासन स्तर से भी आपूर्ति विभाग के अधिकारियों को उक्त कोटेदार के विरुद्ध कार्यवाही का आदेश निर्गत हुआ था। किंतु अधिकारी सुधार की प्रतीक्षा में थे,इसके बावजूद कोटेदार मनमानी भ्रष्ट्राचार में कमी नहीं की। इस संदर्भ में जन प्रतिनिधियों ने भी नई दुकान के चयन हेतु निर्देशित किया है। और तहसील दिवस में भी कार्ड धारकों ने ग्राम प्रधान कें माध्यम से नई दुकान के चयन की मांग की है। जिस पर एसडीएम ने आपूर्ति विभाग के अधिकारी से पत्रावली तलब की है। इस विषय में खाद्य आपूर्ति अधिकारी कोरांव ने यथा शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया है। उधर कोटेदार और उसका पुत्र शिकायत करने वाले कार्ड धारकों को तरह तरह की धमकियां दे रहा है। और शिकायतें वापिस लेने और हलफनामा दे कर बचाव किए जाने के प्रयास करते हुए धमका रहा है। जिसकी शिकायत सक्षम अफसरों से की गई है। आपूर्ति निरीक्षक कोरांव के कथन है कि किसी भी उचित दर विक्रेता की दुकान द्वारा किसी भी मनमानी पर बक्शा नहीं जायेगा।

# जिले को चार जोन में बांटने के लिए चल रहा मंथन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** आयुक्त प्रणाली लागू होने के बाद से नवगठित कमिश्नरेट में तीन-तीन जोन बनाए जाने की चर्चा जोरों पर रही। लेकिन अब इस व्यवस्था में भी बदलाव की तैयारी है। सबकुछ प्लानिंग के मुताबिक रहा, तो जनपद चार जोन में बंटेगा।

इनमें से दो जोन शहर में होंगे। इनमें से एक जोन में पुराना शहर और दूसरे जोन में शेष हिस्सा आएगा। जबकि दो अन्य जोन गंगापार व यमुनापार में होंगे। इसी तरह अब तक चर्चा इस बात की थी जनपद में तीन सर्किल बढ़ेगी। लेकिन अब मंथन इस बात पर भी हो रहा है कि सर्किल की संख्या 15 कर दी जाए। यानी मौजूदा व्यवस्था में चार सर्किल और बढ़ा दी जाए। इनमें से दो सर्किल शहर में जबकि एक-एक सर्किल देहात



क्षेत्र में बढ़ाने की बात पर विचार विमर्श चल रहा है।

इसी तरह कुछ थाना जो भौगोलिक रूप से बहुत बड़े हैं, उन्हें विभाजित कर एक और थाना स्थापित करने की योजना पर विचार चल रहा है। प्रारंभिक स्तर पर अभी जिन क्षेत्रों में थाने बनाए जाने के मुद्दे पर विचार विमर्श चल रहा है, उनमें धूमनगंज, कर्नलगंज व मेजा शामिल हैं। प्रस्तावित व्यवस्था में बदलाव पर मंथन की वजह कमिश्नरेट प्रणाली लागू करने के उद्देश्यों की पूर्ति करना है। दरअसल प्रस्तावित व्यवस्था में जनपद में तीन जोन बनाए जाने की बात है। अफसरों का मानना है कि भले ही इसमें सीपी व एसीपी का पद बढ़ जाए, लेकिन यह व्यवस्था कमोबेश पूर्व की तरह की लगेगी। जानकारों का कहना है कि कमिश्नरेट लागू करने का उद्देश्य फरियादियों की अफसरों तक पहुंच को और सुलभ बनाना है।

## पीड़ित सपा विधायक नाहिद हसन को बड़ी राहत, गैंगस्टर मामले में दी जमानत

**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी के फायर ब्रांड नेता और शामली जिले की कैराना सीट से विधायक नाहिद हसन को आज बुधवार इलाहाबाद हाई कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाई कोर्ट ने गैंगस्टर मामले में नाहिद हसन की जमानत अर्जी मंजूर कर ली है। कोर्ट ने हसन की बीमारी की गंभीरता को देखते हुए उन्हें जमानत पर जेल से रिहा किए जाने का आदेश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति कृष्ण पहल ने दिया है। सपा विधायक पर शामली में दर्ज हुआ था।

# भारत विकास परिषद द्वारा अति बुजुर्ग सम्मान एवं कार्यकारिणी की बैठक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** सर्वोदय नगर, अल्लापुर प्रयागराज में भारत विकास परिषद मंगलम के कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई ' जिसमें परिषद द्वारा समाज को दी गई सेवाओं, मेडिकल कैंप तथा उनके गुणवत्ता पर विस्तार से चर्चा की गई। तथा सामाजिक दायित्व के तहत अति बुजुर्ग लोगों का सम्मान किया गया ' कार्यक्रम की अध्यक्षता नागेंद्र सिंह ने की ' मुख्य रूप से सम्मानित होने वाले में



विनोद पांडे की माता श्रीमती प्रियंवदा पांडे जिनकी उम्र 97 जो एक शासकीय अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हुई थी। तथा समाज सेवा से जुड़ी रही ' इसके साथ साथ उनके द्वारा लिखित एक पुस्तक का भी विमोचन किया गया ' भारत विकास परिषद मंगलम के अध्यक्ष श्री नागेंद्र सिंह ने बुजुर्गों के सम्मान को एक आदर्श संस्कार के रूप में अपनाने पर बल दिया। मुख्य रूप से उपस्थित संरक्षक शिवनंदन गुप्ता, अध्यक्ष नागेंद्र सिंह , सचिव अमित श्याम, कोषाध्यक्ष जितेंद्र कुमार, निखिलेश, महासचिव सुनील धवन, आशुतोष जायसवाल , वी पी गुप्ता, डा. उमेश भट्ट, दीपा जोशी ,जया मिश्रा, डॉ. अंजू पांडे , धर्मेद् कुशवाहा , पंकज पांडे , प्रांशु मिश्रा एवं अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही '

## ज्ञानवापी स्थित श्रृंगार गौरी मामले में हाई कोर्ट में आज होगी अगली सुनवाई

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट में वाराणसी के ज्ञानवापी स्थित श्रृंगार गौरी की नियमित पूजा के आदेश के खिलाफ याचिका की सुनवाई जारी है। 29 नवंबर के बाद आज 30 नवंबर को भी सुनवाई हुई। अब अगली सुनवाई सोमवार 5 दिसंबर को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति जेजे मुनीर ने दिया है। न्यायमूर्ति जेजे मुनीर अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी की याचिका की सुनवाई कर रहे हैं। इलाहाबाद हाई कोर्ट में वाराणसी के ज्ञानवापी स्थित श्रृंगार गौरी की नियमित पूजा मामले में मुस्लिम पक्ष की आपत्ति वाराणसी की अदालत ने खारिज की थी। इस आदेश की वैधता को इलाहाबाद हाई कोर्ट में चुनौती दी गई है। वरिष्ठ अधिवक्ता एसएफए नकवी ने कहा कि श्रृंगार गौरी की पूजा नियमित तौर पर नहीं होती रही। साल भर में एक दिन ही होती रही है। अब स्थान बदला जा रहा है, जिससे धार्मिक चरित्र प्रभावित होगा। जो प्लेसेस आप वर्शिप एक्ट 1991 की धारा 4 के तहत नहीं किया जा सकता।

## मार्कशीट से फिर गायब हुए स्केल्ड और नॉन स्केल्ड अंक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) की ओर से पीसीएस परीक्षा में स्केलिंग को लेकर स्थिति स्पष्ट न किए जाने से अभ्यर्थियों में उहापोह की स्थिति बनी हुई है। आयोग ने पिछले दिनों जारी पीसीएस-2021 के परिणाम के प्राप्तांक एवं कटऑफ तो जारी कर दिए, लेकिन मार्कशीट में यह उल्लेख नहीं किया कि स्केलिंग के कितने अंक घटे या बढ़े।पूर्व की परीक्षाओं में आयोग मार्कशीट में स्केल्ड और नॉन स्केल्ड अंकों का उल्लेख करता रहा है, लेकिन आयोग की परीक्षाओं की सीबीआई जांच शुरू होने के बाद इस व्यवस्था को समाप्त कर दिया गया। स्केलिंग की आड़ में मनमाने तरीके से अंक दिए जाने का खुलासा होने के बाद सीबीआई ने पीसीएस-2015 भर्ती के मामले में मुकदमा दर्ज किया था। आयोग ने जब इस व्यवस्था को समाप्त किया तो अभ्यर्थियों ने इसका विरोध किया। हालांकि, उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। आयोग के नए अध्यक्ष संजय श्रीनेत ने कार्यभार संभाला तो अभ्यर्थियों ने फिर अपनी मांग तेज कर दी कि पूर्व की व्यवस्था लागू करते हुए मार्कशीट में यह स्पष्ट किया जाए कि स्केलिंग के नाम पर अभ्यर्थियों के कितने अंक बढ़े या घटे।आयोग ने बीते दिनों पीसीएस 2021 के प्राप्तांक एवं कटऑफ अंक जारी किए, लेकिन इस बार भी मार्कशीट में स्केल्ड और नॉन स्केल्ड अंकों का कोई उल्लेख नहीं किया गया। प्रतियोगी छात्र संघर्ष समिति के अध्यक्ष अवनीश पांडेय का कहना है कि नए अध्यक्ष के कार्यकाल की यह पहली पीसीएस परीक्षा थी। उम्मीद थी कि वह अभ्यर्थियों को राहत देंगे, लेकिन इस बार भी कोई सुनवाई नहीं हुई। अवनीश का सवाल है कि भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता का दावा करने वाला आयोग स्केलिंग के बारे में जानकारी क्यों छिपाना चाहता है। प्रतियोगी छात्र संघर्ष समिति के मीडिया प्रभारी प्रशांत पांडेय का कहना है कि आयोग को कई बार पत्र लिखा गया, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। इस बार प्रतियोगी छात्रों की ओर से मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर शिकायत दर्ज कराई जाएगी।

# सही दिशा में किया गया कठिन परिश्रम सर्वथा फलीभूत होता है

**अखंड भारत संदेश**

**हनुमानगंज।** कोटवा स्थित तिलक महाविद्यालय इंटर कॉलेज में आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित न्यायमूर्ति उच्च न्यायालय बृजराज सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहां की सही दिशा में किया गया कठिन परिश्रम सर्वथा फलीभूत होता है।

इस अवसर पर न्यायमूर्ति बृजराज सिंह संस्था के एनसीसी कैडेटों के द्वारा प्रस्तुत क्वाटर गार्ड का निरीक्षण किया। तदोपरांत झंडा रोहण कर एवं



सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर खेलों का शुभारंभ किया। विद्यालय के प्रबंधक डॉ. केएन सिंह ने चैंपियन खिलाड़ी को मशाल प्रज्वलित कर प्रदान किया। तीन दिन चलने वाले खेल कूद प्रतियोगिता में प्रथम, सीनियर बालिका वर्ग 100 मीटर दौड़ में रुचि भारतीय प्रथम आई। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह ने न्यायमूर्ति बृजराज सिंह को स्मृति चिन्ह प्रदान कर आभार ज्ञापित किया। इस अवसर पर ईश्वर दीन छेदीलाल इंटर कॉलेज जसरा के प्रधानाध्यापक डॉ योगेंद्र सिंह, सतीश सिंह, धर्मेंद्र सिंह, जयशंकर सिंह, जावेद अख्तर, आकाश बरनवाल, जय प्रकाश पांडे, वेंकटरमण सिंह, सुधाकर सिंह, जनार्दन शुक्ला, अभिषेक मिश्रा, उमलेश चौरसिया, संदीप चौधरी, घनश्याम सिंह, दिनेश कुमार त्रिपाठी, पुष्पराज सिंह, सुरेश विश्वकर्मा, दयाशंकर, शिवमणि, सत्तार, मधुकर उपस्थित रहे।

# मध्य वायु कमान के डायमंड जुबली महोत्सव के उपलक्ष्य में 450 किमी तक साइकिल चलाएंगे एयरफोर्स के जवान



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** हवा में उड़ने वाले एयरफोर्स के जवान साइकिल यात्रा निकाल रहे हैं। दरअसल, मध्य वायु कमान, प्रयागराज अपना डायमंड जुबली महोत्सव मना रहा है।

इस महोत्सव के उपलक्ष्य में कमान के मुख्यालय पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। रविवार को एयरफोर्स के 20 जवान और अधिकारी साइकिल यात्रा पर निकल गए हैं। यह 450 किलोमीटर की दूरी साइकिल से तय करेंगे। मुख्यालय पर एयर मार्शल एपी सिंह एवीएसएम, वायु अफसर कमांडिंग-इन-चीफ, मध्य वायु कमान ने 20 जवानों को हरी झंडी दिखाई। यह जवान साइकिल चलाते हुए प्रयागराज से लखनऊ तक जााएंगे और लौटकर फिर प्रयागराज आएंगे। यह यात्रा चार दिन की होगी। महोत्सव का समापन 22 दिसंबर को होगा।

## साहसिक कार्य करने को बढ़ावा देना है उद्देश्य

एयर मार्शल एपी सिंह ने कहा, यह अभियान सभी को एक समान रूप से प्रेरित करेगा और उनमें साहसिक कार्य करने की भावना को बढ़ावा देने में मदद करेगा। यह अभियान सभी कार्मिकों में शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के अतिरिक्त एक खेल के रूप में साइकिलिंग के प्रति जागरुकता विकसित करने में सहायक होगा। प्रारंभ में मुख्यालय मध्य वायु कमान की स्थापना मार्च 1962 में रानी कुटीर, कोलकाता में इंडो-नेपाल एवं इंडो तिब्बतन बॉर्डर की निगरानी के लिए चलाए जा रहे वायु अभियानों पर नियंत्रण रखने के लिए की गई थी। कालांतर में मुख्यालय मध्य वायु कमान को फरवरी 1966 में प्रयागराज में पुनः स्थापित किया गया और इसकी उपलब्धियों का एक समृद्धशाली इतिहास रहा है। पिछले कुछ वर्षों में इसने राष्ट्र-गगनकी सुरक्षा में एक महत्वपूर्ण मुकाम हासिल किया है।

## वायु सेना प्रमुख वीआर चौधरी भी लेंगे हिस्सा

डायमंड जुबली महोत्सव के अंतर्गत जिन कार्यक्रमों का आयोजन होगा उसमें मुख्यालय मध्य वायु कमान के कार्मिकों एवं उनके परिजनों द्वारा आयोजित होगा। हवाई प्रदर्शनों के अंतर्गत विविध लड़ाकू क्षमताओं का प्रदर्शन करने वाले फ्लाई पास्ट एवं लो-लेवल एक्रोबेटिक्स का भी आयोजन किया जा रहा है। 16 दिसंबर को एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी पीवीएसएम एवीएसएम वीएम एडीसी वायु सेना प्रमुख व नीता चौधरी अध्यक्ष (वायु सेना परिवार कल्याण संघ) भी इसमें हिस्सा लेने पहुंचेंगे।

# करछना क्षेत्र की सूखी पडी नहरों में तत्काल पानी छोडे जाने की किसानों की अपील

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** टोंस नहर प्रखंड योजना के तहत सिंचाई विभाग की ओर से संचालित भुंडा रजबहा में सिंचाई विभाग की ओर से पानी न छोड़े जाने से किसानों का कृषि कार्य प्रभावित हो रहा है ।जिससे किसानों में चिंता व मायूसी व्याप्त है । वही विभाग के जिम्मेदार उच्चाधिकारियों के प्रति लोगों में आक्रोश भी व्याप्त है ।

तकरीबन माह भर से सूखी पड़ी भुंडा नहर से संबंधित रमगढ़वा बरांव कोकसण्ड नेवादा केंचुहा सुलमई निरिया व इसौटा माइनरे पानी के अभाव में सूखी पड़ी हुई है। रजबहा व विभिन्न माइनरो से जुड़े माही गढ़वा कलां पडोखरा मछहर उर्फ पुरवा डाडो. ककरम सुलमई डाभी हनुमानपुर भद्रताली पथरहिया निरिया भुवालपुर भडेवरा भुंडा आदि गांवो के किसानों ने बताया कि पानी के अभाव में रबी की मुख्य फसल गेहूं की फसलों का पलेवा कार्य भी बाधित पड़ा हुआ है ।जिससे गेहूं की पिछड़ रही बुवाई से इसका सीधा पैदावार पर प्रतिकूल असर भी पड़ेगा। किसान लोग निजी नलकूपों से सिंचाई का सहारा ले रहे हैं । जिन्हें उन्हें आर्थिक बोझ भी पड़ रहा है ।

इस बाबत सिंचाई विभाग के जिलेदार तेज नारायण मिश्र ने बताया कि करछना क्षेत्र में संचालित करछना समेत अकोढा जोगनी भुंडा नहरों समेत संबंधित रजबहा से जुड़ी माइनरों का सफाई कार्य चल रहा है। जिससे सभी नहरों के पंप बंद कर दिए गए हैं । पूछे जाने पर बताया कि नहरों में जलापूर्ति की आपूर्ति 15 दिसंबर के बाद ही संभव हो पाएगी।

## लेखपाल की कार पोल से टकराई बिजली आपूर्ति ठप कार क्षतिग्रस्त

**अखंड भारत संदेश**



**मऊआइमा।** निमंत्रण से घर जा रहे लेखपाल की कार अनियंत्रित होकर पोल में टकरा गई। जिससे पोल टूट गया और लेखपाल की गाडी क्षतिग्रस्त हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार अमर बहादुर 30 वर्ष कहीं लेखपाल हैं। वह रानीगंज के दम दम गांव से निमंत्रण करके कार से घर जा रहे थे जैसे वह शनिवार को देर रात में मऊआइमा के ग्राम मोहन का पूरा में लगे विद्युत पोल में अनियंत्रित कार टकरा गई। जिससे पोल टूट गया और क्षेत्र की बिजली आपूर्ति ठप हो गई तथा लेखपाल अमर बहादुर की कार क्षतिग्रस्त हो गई। गनीमत रहा कि लेखपाल सहित अन्य लोग बाल बाल बच गए।

## दो पक्षों में मार पीट, छेडखानी , लूटपाट डेढ़ दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षो में मार पीट लूटपाट और छेडखानी का आरोप एक दूसरे पर लगाया है। पुलिस ने दोनों ओर से डेढ दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा के ग्राम तेजपुर निवासनीय एक महिला का आरोप है कि उसके विरोधी एक राय होकर घर में घुस कर मारे पीटे तीस हजार नगदी और मंगलसूत्र ,सोने की चैन तथा बाइक को लूट लिए। आरोप है कि घर की महिलाओं से छेड़खानी किए। महिला ने मऊआइमा थाने में राज कुमार ,विवेक ,विकास ,रस्मी ,कमलेश कुमारी ,मुरली , कुमार और कुमार की दो बहनें ,चन्दन अजय ,मुकेश ,मनोज ,किशन ,रंजीत ,चन्द्र भान ,संदीप, कुलदीप तथ दस अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है। उधर दूसरे पक्ष की महिला का आरोप है कि उसके घर में घुस कर 15 हजार रुपए नगदी ,सोने की चैन ,बक्सा आदि उठा ले गए।एंव छेडखानी भी किए । पुलिस तहरीर के आधार पर सुन्दरी देवी, रीना, काजोल, राज कुमार, तीन अज्ञातों के खिलाफ संगीन धाराओ में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## घर से बच्चे को लेकर दवा लेने गयी महिला रहस्यमय ढंग से गायब गुमशुदगी दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** घर से अपने मासूम बच्चे को लेकर दवा लेने गयी महिला रहस्यमय ढंग से गायब हो गई।पति ने किन्ही अनहोनी को देखते हुए गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज करा दी है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सिंसईसिपाह निवासी संदीप कुमार का कहना है कि उसकी 25 वर्षीय पत्नी अनुपम लता अपने पांच वर्ष के बच्चे आदर्श को लेकर शांतिपुरम दवा लेने गयी थी। परन्तु कई दिन गुजर जाने के बाद कुछ पता नहीं चल रहा है।किन्हीं अनहोनी के भय से पति ने मऊआइमा थाने में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

## शादी की सालगिरह के तीसरे दिन युवक ने दी जान

**प्रयागराज।** प्रयागराज में एक युवक ने आत्महत्या कर लिया। आत्मघाती कदम युवक ने अपनी शादी की सालगिरह के तीसरे दिन उठाया। वाकया शहर का है। युवक ने फंदे से लटककर आत्महत्या क्यों किया, अभी यह रहस्य ही बना है। फिलहाल पुलिस जांच-पड़ताल कर रही है। फिलहाल स्पष्ट कारण घरवाले भी नहीं बता पा रहे हैं। प्रयागराज शहर के उंचवागढ़ी राजापुर मोहल्ले में रहने वाले 42 वर्षीय योगेंद्र प्रताप सिंह ने बुधवार सुबह फंदे पर लटककर जान दे दी। शादी की सालगिरह के तीसरे दिन उसने आत्मघाती कदम उठाया। खुदकशी का कारण साफ नहीं है। कैंट पुलिस जांच कर रही है।बताया गया कि राजापुर निवासी जतन मंडेला एजी आफिस से रिटायर कर्मचारी हैं। उनका बेटा योगेंद्र प्रताप बीफार्मा की पढ़ाई करने के बाद घर से ही काम करता था। योगेंद्र की पत्नी सुषमा मत्स्य विभाग में कर्मचारी हैं। उसके दो बच्चे भी हैं।

# जरूरतमंदों की सेवा ही सबसे बड़ी समाज सेवा- अनिरुद्ध सिंह

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** जरूरतमंदों की मदद हर सक्षम व्यक्ति को करनी चाहिए। इससे समाज मजबूत होता है। पहल संस्था हमेशा से ही जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए समर्पित रही है। जनसेवा ईश्वर की सेवा के समान है। इससे न केवल सही लोगों तक मदद पहुंच सकती है बल्कि लोगों का किसी भी सामाजिक संस्था पर विश्वास और भरोसा भी मजबूत होता है। समाज में जरूरतमंदों की सेवा ही सबसे बड़ी समाज सेवा है एवं समाज सेवा से बड़ा पुण्य कार्य कोई नहीं। समाज सेवा अगर निःस्वार्थ भाव से की जाए तो मानवता का कर्तव्य सही मायनों में निभाया जा सकता है।

उक्त बातें भाजपा के जिला उपाध्यक्ष गंगा पार अनिरुद्ध सिंह पटेल ने पहल जन कल्याण समिति एवं सेवा संस्थान प्रयागराज द्वारा भारद्वाज गुरुकुलम विद्यालय रुदापुर में आयोजित कंबल




वितरण समारोह में कही। उन्होंने इस नेक कार्य के लिए संस्था की अध्यक्ष वंदना सिंह की भूरी भूरी प्रशंसा किया।चिरौड़ी,चिरौड़ा, रूदापुर, देवनहरी और रामनाथ पट्टी ग्राम सभा के जरूरतमंद व्यक्तियों को कंबल का वितरण किया गया। भाजपा प्रदेश प्रशिक्षण अभियान के सह संयोजक डॉ शैलेश कुमार पांडेय ने कहा कि संस्था पिछले पांच वर्षों से समाज के जरूरतमंद तबके के लिए हर तरह से सेवा कार्य कर रही है। हर वर्ष विभिन्न जगहों पर आवश्यकतानुसार हजारों कंबल वितरित किए जाते हैं। संस्था यह कार्य आपसी सहयोग से प्रतिवर्ष निरंतर करती आ रही है। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष वंदना सिंह ने बताया कि समाज के जरूरतमंदों की मदद करके जो आत्म संतोष प्राप्त होता है वह कहीं और नहीं मिल सकता है। संस्था इस तरह का अपना अभियान हमेशा जारी रखेगी। उन्होंने आए हुए सभी लोगों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि टी एन सिंह, विपिन उपाध्याय,राजन कुमार,विनय उपाध्याय,सुभाष विश्वकर्मा,मनोज उपाध्याय, संजय शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संस्था के वरिष्ठ भारतेन्द्र त्रिपाठी ने किया।

## संवेदना के साथ की गई शोक सभा

**सहसों।** नवयुवक ब्राह्मण समाज के केंद्रीय कार्यालय पुरुषोत्तमपुर उर्फ गारापुर में राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित लवकेश मिश्र की अध्यक्षता में एक संवेदना के साथ शोक सभा आयोजित की गई। जिसमें गारापुर के पूर्व ग्राम प्रधान कांग्रेस नेता रमा शंकर शुक्ला मुन्ना भैया की साठ वर्षीया चाची राधिका शुक्ला के असामयिक निधन पर उपस्थित कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखकर आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की एवं शोक संतप्त परिजन को इस दुःख की घड़ी में परमात्मा से सहनशीलता प्रदान करने की कामना की गई। इस अवसर पर विजय तिवारी, पूर्व प्रधान विनोद कुमार, चिंतामणि शुक्ल, पंकज शुक्ला, विवेक शुक्ला, किशन शुक्ला, अधिवक्ता देवराज उपाध्याय, कृष्ण वल्लभ द्विवेदी, डॉ विश्वनाथ तिवारी, डॉक्टर एस के पांडे, अनिल मिश्र एवं कमला शंकर कुशवाहा आदि उपस्थित रहे।

# युवा मतदाता निर्वाचक नामावली में पंजीकृत होने का मौका न गवाएंः एडीएम

## संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम हेतु राजनैतिक दलों के साथ बैठक सम्पन्न

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) त्रिभुवन विश्वकर्मा की अध्यक्षता में कलेक्टेªट सभागार में विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 के सम्बन्ध में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ बैठक की गयी।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) ने बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अर्हता तिथि एक जनवरी 2023 के आधार पर जनपद के समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य चल रहा है तथा 08 दिसम्बर 2022 तक दावे आपत्तियाॅ प्राप्त की जायेंगी। उन्होने राजनैतिक दलों से कहा सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दल अपने बूथ लेविल एजेन्ट बना सकते हैं



राजनैतिक दलों के साथ बैठक करते एडीएम त्रिभुवन विश्वकर्मा।

जो सम्बन्धित मतदेय स्थल के बूथ लेविल अधिकारी के संरक्षण में मतदाता सूची में दृष्टिगोचर हुई त्रुटियों इत्यादि को चिन्हित करने में सहयोग करें।

उन्होंने जनपद के समस्त जनसामान्य से अनुरोध किया है कि जिनकी आयु अर्हता तिथि एक जनवरी 2023 के आधार पर 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है या हो रही है का नाम यदि निर्वाचक नामावली में सम्मिलित नही है तो फार्म-6 भरकर सम्बन्धित बीएलओ के पास जमा कर सकते है तथा जिनका नाम मतदाता सूची में सम्मिलित है में यदि कोई संशोधन हो तो फार्म-8 भरकर सम्बन्धित बीएलओ के पास जमा कर सकते है। उन्होने कहा कि मतदाता निर्वाचक नामावली में पंजीकृत होने का मौका न गवाएं। बैठक में बताया गया कि सातों विधानसभा क्षेत्रो में फार्म-6, 7 एवं 8 के कुल 16365 फार्म प्राप्त हुये जिनमें 14436 की डाटा इन्ट्री की जा चुकी है एवं 1929 फार्म अवशेष है। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि जो भी नये मतदेय स्थल बने है उनकी सूची राजनैतिक दलों को उपलब्ध करा दी जाए। बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष डा0 लालजी त्रिपाठी, सीपीएम के लाल बहादुर तिवारी, समाजवादी पार्टी के इरशाद सिद्दीकी, बहुजन समाज पार्टी के राम आसरे आर्या, भाजपा जिलामंत्री रामजी मिश्र, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राम बरन सिंह, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष संजीव कुमार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# भगवान श्रीकृष्ण का शाश्वत संदेश कर्मफल की है श्रेष्ठताः धनंजय दास

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जिले के ग्रामीणांचल में इन दिनों भागवत कथा जगह-जगह आयोजित की जा रही है जिससे वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। लालगंज के रामपुर बावली क्षेत्र में हो रही श्रीमदभागवत कथा ज्ञान यज्ञ में पांचवे दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी दिखी। कथा व्यास ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने मनुष्य के लोक सुधार के लिए उसे सदैव धर्म पथ पर अग्रेतर बने रहने का शाश्वत संदेश दिया है। उन्होने कहा कि जीवन मे सुचिता तथा कर्म के प्रति त्याग भरी साधना ही भगवान की श्रद्धा पाने के लिए एक मात्र सुगम मार्ग है। महराज ने कहा कि भागवत कथा का ज्ञान हमें कर्मफल की महत्ता का बोध कराया करता है। उन्होने श्रद्धालुओं से कहा कि कलियुग के कलिकाल में पृथ्वी को पाप के भार से मुक्त बनाये रखने के लिए भगवान कृष्ण का जीवन दर्शन जीवन का आदर्श बनाए रख सकता है। उन्होनें कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने धर्म और सत्य की रक्षा के लिए आवश्यकतानुसार अपने अपनो को भी दण्डित करने का दृढ़ संकल्प न डिगने का भी हमे रास्ता दिखलाया है। कलियुग की साधना का मंत्र हरे कृष्ण हरे राधे के निश्छल संकीर्तन में ही फलीभूत हुआ करती है। उन्होनें समाज की सदभावना तथा समता के लिए भी कृष्णावतार को दिशाबोधक निरूपित किया। कथा के संयोजक समाजसेवी ने व्यासपीठ का रोली चंदन से श्रीअभिषेक किया। सह संयोजक कथाव्यास समेत श्रद्धालुओं को मंगल टीका लगाकर सम्मानित किया। कथा के दौरान भक्त मण्डली व श्रद्धालुओं के मनमोहक राधेकृष्ण संकीर्तन ने माहौल को भावविभोर बना दिया।

## 100 मीटर की परिधि में मोबाइल फोन तथा तरल पदार्थ प्रतिबन्धित

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत वं नगरीय निकाय) विनायक शुक्ल ने बताया है कि राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश के निदेर्शानुसार नगरीय निकायों के सामान्य निर्वाचन-2022 के दृष्टिगत मतदान दिवसों पर उम्मीदवारों, उनके अभिकताओं और मतदाताओं का मोबाइल फोन तथा तरल पदार्थ लेकर मतदान स्थल के 100 मीटर की परिधि में प्रवेश निषेध रहेगा। मतगणना की पूरी अवधि के दौरान उम्मीदवारों और उनके अभिकताओं को मोबाइल फोन तथा तरल पदार्थ लेकर मतगणना स्थल पर भी प्रवेश प्रतिबन्धित रहेगा। यह प्रतिबन्ध ड्यूटी पर लगे कार्मिकों पर लागू नहीं होगा। इसके अतिरिक्त नगरीय निकायों के सामान्य निर्वाचन-2022 हेतु अपरान्ह साढे. चार बजे के बाद अंधेरा होने/विद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारण मतदाताओं तथा मतदान दलों की सुविधा हेतु मतदान स्थलों पर एलईडी/सीएफएल लाइट की व्यवस्था रहेगी ताकि मतदान में कोई व्यवधान उत्पन्न न हो।

# शहर में नो एंट्री सिस्टम की उड़ रही धज्जियां

## यातायात पुलिस आशीर्वाद लेकर बेधड़क करवा रही भारी वाहनों की एंट्री

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** शहर के अव्यवस्थित यातायात को नियंत्रित करने प्रशासन द्वारा शुरू की गई नो एंट्री व्यवस्था भी लचर साबित हो रही है। आए दिन ट्रैफिक पुलिस की लापरवाही का खामियाजा लोगों को जाम के झाम की समस्या के रूप में भुगतना पड़ता है, लेकिन इस ओर जिला प्रशासन व यातायात पुलिस का कोई ध्यान नहीं है, जिससे लोगों को जाम की समस्या से निजात मिल सके।

यह नजारा रविवार की दोपहर प्रतापगढ़ के भंगवा चुंगी चैराहे का है। जहां बड़े वाहन दिनदहाड़े आंख मूंदकर शहर के अंदर एंट्री कर जाते हैं, जिसके चलते शहर में जाम की स्थिति बनी रहती है। साथ ही बड़े वाहनों की चपेट में आने से कई बार हादसे होने की संभावना बनी रहती है। शहर में नो एंट्री के नाम पर केवल खानापूर्ति की जा रही है। जबकि शहर के



चौक क्षेत्र में लगा वाहनों का जाम।

हर चैराहे पर यातायात पुलिस तैनात रहती है जिससे कि शहर नो एंट्री के समय में सुबह से लेकर रात तक बड़े वाहन प्रवेश ना कर सके, लेकिन लोगों का आरोप है कि यातायात पुलिस कर्मी आशीर्वाद के रूप में सुविधा शुल्क लेकर बड़े वाहन को आसानी से शहर के अंदर प्रवेश करा देते हैं, जिनका खामियाजा स्थानीय व राहगीरों को जाम की समस्या के रूप में भुगतना पड़ता है। इस बात की फिक्र नहीं रहती है कि भारी वाहनों के चलते दुर्घटनाएं हो सकती हैं। ट्रैफिक पुलिस कर्मी ऐसे वाहनों को शहर के अंदर जाने से रोक लगाते हैं तो काफी हद तक शहर के अंदर हर समय रहने वाली जाम की समस्या से लोगों को काफी राहत मिल सकेगी।

# मार्ग दुर्घटना में दो युवक घायल

**प्रतापगढ़।** अनियंत्रित बाइक सवार ने सामने से आ रही बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं दूसरा बाइक सवार मौके से फरार हो गया। बता दें कि कंधई थाना क्षेत्र के वीरमऊ विशुनदत्त पेट्रोल टँकी के पास रविवार की दोपहर 12 बजे रखहा से दीवानगंज बाजार की तरफ जा रहे बाइक सवार दीपक सोनी (35) वर्ष पुत्र सुरेशचंद सोनी और दूसरा साथी रोहित सिंह (24) वर्ष पुत्र राजेश सिंह निवासी गांव सिंगठी खालसा थाना क्षेत्र दिलीपपुर अनियंत्रित होकर सामने वाली बाइक से टकरा गए जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी दीवानगंज चैकी पुलिस को मिलने पर मौके पर पहुँचकर तुरंत घायलों को सवारी गाड़ी में बैठाकर इलाज के लिए सीएचसी बेलखरनाथ भेज दिए उसके बाद डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।।

# योगी की मंशा पर पानी फेर रहे हैं लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी-अधिकारी

## गढ्ढा मुक्त सड़क बनाने मे फिसड्डी हो रहे अधिकारी व कर्मचारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रदेश की योगी सरकार राजमार्ग व संपर्क मार्गों को गड्ढा मुक्त बनाने का आदेश जारी कर रही है वहीं जिले के अधिकारी व कर्मचारी ग्रामीण अंचल की सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने में फिसड्डी साबित हो रहे हैं और सरकार की मंशा पर पानी फेर रहे हैं।

बता दें कालाकांकर क्षेत्र की आधा दर्जन से अधिक सड़कों पर नजर दौड़ाने तो उन सड़कों पर आज भी धूल व गड्ढे बने हुए परियावां लवाना मार्ग केराजा के पुरवा, व अदलाबाद के पास अभी भी सड़क गड्ढों में ही तब्दील है। इस सड़क का नामोनिशान उड़ गया है। इस मार्ग पर वाहन जब फरार्टा



परियावां लवाना मार्ग पर गड्ढे में तब्दील सड़क।

भरते हैं तो काफी देर तक धूल व मिट्टी उड़ती रहती है। इसी तरह परियावां से झोकवारा मार्ग एवं लवाना रोड केरावडीह वाजिदपुर, लवाना सड़क मार्ग से कोथरिया सडक मार्ग पर जगह-जगह गड्ढे बने हुए उन गड्ढों को ढकने के लिए विभाग जहमत उठाना मुनासिब नहीं समझ रहा है। इसी तरह विकास क्षेत्र कालाकांकर विभिन्न बाजारों गांवों की तरफ जाने वाले संपर्क मार्ग पर भी बड़े-बड़े गड्ढे व गिटिटयां उखड़ गई हैं मानिकपुर सलोन मार्ग से मधवापुर मार्ग, पिथनपुर मार्ग, ककरिहा मार्ग जाने वाले मार्ग पर गिट्टी उखड़ गई है इन मार्गो की मरम्मत के लिए विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को ग्रामीणों ने कई बार शिकायत की लेकिन इसे सुधारने के लिए अधिकारी व कर्मचारियों के कान में जूं तक नहीं रेंग रही इस बाबत ग्राम प्रधानों ने बताया कि इन सड़कों की मरम्मत के लिए ग्रामीणों ने भी शिकायत की है। विभागीय अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए इन सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाने का कार्य कराए जाने की मांग किया है। मांग करने वालों में अनन्त राम मौर्य, विमल कुमार, अर्जुन कुमार, शरद श्रीवास्तव, राजेन्द्र यादव, सुन्दर लाल, सुधीर कुमार, जितेंद्र कुमार, ब्रजेश कुमार पाण्डेय, उमा शंकर, रामपाल, सुखई राम, प्रभाकर पटेल, रामदेव, राम नरेश आदि हैं।

# स्वास्थ्य मेले में मरीजों का हुआ परीक्षण, वितरित की गई दवाई

## पीएचसी केंद्र मानिकपुर, अदलाबाद, तिवारीपुर स्वास्थ्य केंद्र में रहा सन्नाटा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का आयोजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मानिकपुर, अदलाबाद, तिवारीपुर में आयोजित किया गया जिसमें लगभग सैकड़ों मरीजों का परीक्षण करने के बाद उन्हें दवाइयां दी गई मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का शुभारंभ रविवार की सुबह 10 बजे किया गया। इस दौरान अधिकांष समय पीएचसी केन्द्र पर सन्नाटा रहा।

महिला विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने स्वास्थ्य मेले में आई हुई गर्भवती महिलाओं को गर्व से संबंधित जानकारी दी गई साथ ही साथ उन्हें बच्चों के देखभाल के बारे में भी जानकारी उपलब्ध




पीएचसी केन्द्र पर आयोजित मेले में पसरा रहा सन्नाटा।

कराई गई। स्वास्थ्य मेले के दौरान संचारी रोग नियंत्रण स्वच्छता, डेंगू से बचाव के उपाय भी बताए गए। सरकार द्वारा प्रत्येक रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में मुख्यमंत्रीजन आरोग्य मेला पसरा रहा सन्नाटा बता दें मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालाकांकर के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मानिकपुरप्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अदलाबाद, तिवारीपुर में लगाया गया। अतिरिक्त पीएचसी अदलाबाद स्वास्थ्य मेले में दोपहर 2 बजे तक केवल 25 मरीजों को देखकर उन्हें दवा वितरित की गई थी। इस मौके पर डॉक्टर सुभाष चंद्र कैथवास फार्मासिस्ट राम विलास शुक्ला वार्ड बॉय अशोक कुमार, प्रभात कुमारी एवं फूलमती एएनएम, आशा बहू कार्यकर्ता मौजूद रहीं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालाकांकर के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा मनोज वर्मा ने बुजुर्ग बच्चे और महिलाओं को बीमारियों से संबंधित उनका परीक्षण कर उन्हें दवा का सेवन कैसे करना है की जानकारी दी।

## बैरागीपुर फतूहाबाद में आज लगेगा आयुष्मान कार्ड कैम्प

**प्रतापगढ़।** प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के तहत सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की ओर मेगा कैंप का आयोजन कर लोगों का कार्ड बनाया जाएगा। बैरागीपुर गांव में निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनेगा आयुष्मान भारत कार्ड उन्हीं परिवारों का बनाया जाएगा जिनका बीपीएल सूची 2011 में नाम हो या वर्तमान में जिनका अंतोदय कार्ड बना हो। बता दें कि मालूम हो कि इस योजना में एक परिवार को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक के मुफ्त उपचार की सुविधा दी जाती है। इसमें वर्ष 2011 की सामाजिक-आर्थिक गणना के आधार पर चिन्हित 1.26 करोड़ गरीब परिवारों के 6.30 करोड़ लाभार्थी, 40 लाख अंत्योदय परिवारों के 1.30 करोड़ लाभार्थियों के साथ-साथ 75 लाख राज्य कर्मचारियों, पेंशनर व उनके स्वजनों को भी इस योजना से ही लाभ दिया जा रहा है।

# ठंड बढ़ते ही हीटर, ब्लोअर की खरीददारी बढ़ी, गांव में अंगीठी दे रही साथ

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** ठंड बढते ही हीटर और ब्लोअर की खरीददारी बढ़ गयी है। दुकानों पर ग्राहकों को मोल भाव करते देखे जा सकते हैं। हीटर, ब्लोअर लोग भले ही खरीद रहे हों, लेकिन समय पर गांव में सुबह और शाम बिजली नदारद रहती है। ऐसे में अंगीठी व अलाव जल रहे हैं। शहर में अलाव की व्यवस्था न होने से लोगों ने इलेक्ट्रिक्स की दुकानों की ओर रुख कर दिया है। दुकान पर पहुंचने वाले लोग सबसे पहले हीटर का दाम पूछ रहे हैं। रुम हीटर 200 रुपये से लेकर 450 रुपये तक की कीमत में बाजार में उपलब्ध हैं। जहां से रुम हीटर की रेंज खत्म होती है वहीं से ब्लोअर की रेंज की शुरूआत हो जाती है। ब्लोअर की कीमत 1800 रुपये से लेकर 3500 रुपये तक है। हर किसी की पाकेट ब्लोअर खरीदने के लिये साथ नहीं देती तो रुम हीटर ही लेकर चल देते हैं। आशा इलेक्ट्राक्सि के संचालक बंटी की मानें तो हीटर और ब्लोअर की मांग बढ़ गयी है। थोक विक्रेता होने के नाते इनके यहां भीड़-भाड़ कुछ ज्यादा है। बताते हैं कि शहर के साथ ही कस्बों और देहात के लोग यहां पहुंच रहे हैं। नसीर इलेक्ट्रानिक्स के मोहम्मद वसीम बताते हैं कि इस दफा बिजनेस पिछले साल की अपेक्षा बेहतर है। सबसे अधिक मांग हीटर और रुम हीटर की है। ब्लोअर भी निकल रहा है। दूसरी तरफ हीटर और ब्लोअर तब असर दिखायेगा जब बिजली रहेगी।

## मिट्टी खनन करने वाले के विरूद्ध होगी कार्यवाहीः डीएम

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने जनपद के समस्त ईट भट्ठा स्वामियों को सूचित किया है कि ईट भट्ठा सत्र 2022-23 एवं पूर्व वर्षो का बकाया जमा करने के पश्चात ही नियमानुसार ईंट मिट्टी का खनन करते हुये कच्ची ईंटों का निर्माण करना सुनिश्चित करें। यदि कोई भट्ठा स्वामी देय राजस्व/विनियमन शुल्क जमा किये बिना अवैध ईंट मिट्टी खनन संक्रिया में लिप्त पाया जायेगा तो दोषी ईट भट्ठा स्वामी के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

# शास्त्री सभागार में हुई संगोष्ठी, दी गई जानकारी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी के शास्त्री सभागार में मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 जीएम शुक्ला की अध्यक्षता में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डा0 राकेश त्रिपाठी द्वारा जनपद में ए0आर0टी0 पर चल रहे एड्स के मरीजों की जानकारी भी दी गयी। डा0 सीपी शर्मा जिला क्षय रोग अधिकारी/नोडल-एड्स कार्यक्रम द्वारा यह जानकारी दी गयी कि क्या-क्या करने पर एड्स हो सकता है और क्या-क्या करने से एड्स नही होता है। इसी प्रकार डा0 आर0एस0राम अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, डा0 शबीब हैदर उप मुख्य चिकित्साधिकारी, डा0 वन्दना जायसवाल उप मुख्य चिकित्साधिकारी आदि ने अपने अपने विचार व्यक्त किये। अन्त में मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि राज्य स्तर पर अधिकारियों को पत्र भेजकर यह निवेदन किया गया है कि सभी सीएचसी पर आई0सी0टी0सी0 सेन्टर खोले जाये जिससे कि अधिक से अधिक व्यक्तियों की एचआईवी जांच की जा सके।

उन्होने कहा कि सभी गर्भवती महिलाओं एवं सभी टीवी के मरीजों की एचआईवी जांच शत प्रतिशत करायी जाये। संगोष्ठी के उपरान्त हस्ताक्षर अभियान किया गया जिसमें संगोष्ठी में आने वाले तथा अन्य लोगों ने हस्ताक्षर अभियान में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर डा0 मोनिका एसएमओ डब्लूएचओ, समस्त आईसीटीसी के परामर्शदाता एवं लैब टेक्नीशियन एवं राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के समस्त कार्मिक एवं स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

## अधेड़ की हुई मौत के पोस्टमार्टम रिपोर्ट में निकले गोली के छर्रे

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** नवाबगंज थाना क्षेत्र के संग्रामपुर गाँव मे शनिवार की सुबह धर्मराज पुत्र राम आसरे (50) वर्षीय का शव खेत मे रखवाली करते समय मिला जिसके पैर के ऊपर जांघ में गहरे घाव के निशान के साथ खून से सने कपड़े व बिस्तर मिला। परिजनों ने अज्ञात के खिलाफ घटना की तहरीर पुलिस को दिया पुलिस तहरीर मिलने पर जांच में जुटी हुई है। शनिवार को पोस्टमार्टम हाउस में मृतक के गहरे घाव वाले जख्म में 12 बोर के कारतूस के छर्रे निकलने पर परिजन लोगो में हड़कम्प मच गया जिससे साफ पता चलता है कि अधेड़ की गोली मारकर हत्या की गई है। गहरे वाले जख्म से खून ज्यादा निकल जाने से मौत हो गई।

# पांच वारण्टी अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## अवैध तमंचा कारतूस के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़/परियावां।** जनपद के थाना कोतवाली नग? के उ0नि0 अरुण कुमार सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 222/2004 धारा 3/7 ईसी एक्ट 420, 467, 468 भादवि से संबंधित वारण्टी अभियुक्त अवधेश कुमार उमरवैश्य पुत्र राधेश्याम उमरवैश्य नि0 महुली चिलबिला थाना कोवताली नगर जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। उधर जनपद के थाना अन्तू. के उ0नि0 श्री उमेश प्रताप सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0नं0 62/2018 धारा 138बी भादवि से संबंधित वारण्टी अभियुक्त




पुलिस की गिरफ्त में अभियुक्त।

शिवबहादुर विश्वकर्मा पुत्र रामनरेश नि0 चतुरपुर किशुनगंज थाना अन्तू जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर से गिरफ्तार किया गया।

उधर परियावां प्रतिनिधि के अनुसार जनपद के थाना संग्रामगढ़. के उ0नि0 दिनेश चन्द्र तिवारी मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना हथिगवां के मु0नं0 288/10 धारा 279, 337, 338 भादवि से संबंधित वारण्टी अभियुक्त दीपक पाण्डेय पुत्र विजय कुमार पाण्डेय नि0 (नेवानी) नरई थाना संग्रामगढ़ जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। उधर जनपद के थाना कुण्डा.के उ0नि0 रविशंकर तिवारी मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0नं0 647/21 धारा 147, 148, 149, 323, 504, 506, 452, 427 भादवि से संबंधित वारण्टी अभियुक्त रंजीत पुत्र जमुना प्रसाद नि0 ऊगापुर थाना कुण्डा. जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। उधर जनपद के थाना कुण्डा. के उ0नि0 शनि कुमार मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर मु0नं0 10/2019 धारा 279, 337, 338 भादवि से संबंधित वारण्टी अभियुक्त मदन लाल पटेल पुत्र हीरा लाल पटेल नि0 कुण्डा थाना कुण्डा. जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। उधर थाना कन्धई.से उ0नि0 सुरेन्द्र प्रताप सिंह मय हमराह द्वारा थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 472/22 धारा 323, 504, 506 भादवि की विवेचना के दौरान थाना क्षेत्र के बीबिया करनपुर मोड़ के पास से उक्त अभियोग से संबंधित एक अभियुक्त शंहशाह उर्फ मजलूम पुत्र मो0 फारुक ग्राम बीबियाकरनपुर थाना कन्धई जनपद प्रतापगढ़ को 01 अदद अवैध तमंचा 12 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के संबंध में उपरोक्त अभियोग में धारा 3/25 आर्म्स एक्ट की बढ़ोत्तरी की गई।

## निधन पर जताया गया शोक

**प्रतापगढ़।** रानीगंज तहसील क्षेत्र के गनईडीह निवासी समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता रामकुमार अहिर का लम्बी बीमारी से प्रयागराज के अस्पताल में निधन हो गया। उनके निधन पर कचहरी परिसर में शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में पप्पू, राम आसरे, केषव प्रसाद, मदन लाल, प्रदीप कुमार, राजेष कुमार, अरविन्द यादव, अभिषेक आदि मौजूद रहे।

# दो बाइकों की जोरदार टक्कर 2 की मौत एक लहूलुहान

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के रसूलपुर टप्पा गांव के पास दर्दनाक हादसे में दो बाइक सवार आपस में टकरा गए हैं टक्कर इतनी जोरदार थी कि दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल है घटना शनिवार की रात 11:00 की है शादी समारोह से वापस आते समय आमने सामने दो बाइकों की जोरदार भिड़ंत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गंभीर घायल को अस्पताल भेजते हुए घटना की जांच पड़ताल में जुट गई। घटनाक्रम के मुताबिक सराय अकिल थाना क्षेत्र के रसूलपुर टप्पा गांव के अभिषेक एक अन्य साथी के साथ दावत खा कर बाइक से शनिवार की रात्रि 11 बजे वापस घर लौट रहे थे सामने से आ रही बाइक से अभिषेक की बाइक की जोरदार टक्कर हो गयी हादसे में दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर पड़े हादसे में बाइक सवार तीन लोग गंभीर घायल हो गए लोगो की माने तो दो लोगो की मौके पर मौत हो गयी घायलों को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने अभिषेक पाल और विकास को मृत घोषित कर दिया जबकि एक युवक की हालत गंभीर बनी हुई है युवको की मौत सूचना मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घायल को जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया।



हादसे के बाद सराय अकिल थाने में मौजूद परिजन।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा वांछित अभियुक्त किशनपाल पुत्र रोशनलाल निवासी कुनवार थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

इसी प्रकार थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त संतोष कुमार पुत्र वसन्त लाल निवासी पट्टी परवेजावाद थाना कोखराज को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया है।

# हरिद्वार के व्यक्ति की कौशांबी रेलवे ट्रैक से दूर मिली लाश

### घटनास्थल पर खून नहीं मिला है

**अखंड भारत संदेश**

**कोखराज कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के अंतर्गत शुजातपुर रेलवे स्टेशन के पश्चिमी छोर की तरफ रेलवे ट्रैक से दूर एक व्यक्ति की लाश मिली है मृतक की जेब में मिले परिचय पत्र के आधार पर वह व्यक्ति हरिद्वार का रहने वाला बताया जाता है देर शाम तक चर्चा बनी रही कि मृतक कोखराज क्षेत्र में अपने ससुराल आया था जहां रेल लाइन पार करते समय उसकी मौत हो गई है लेकिन काफी प्रयास के बाद भी पुलिस उसके ससुराल की जानकारी नहीं दे सकी है रेलवे ट्रैक से जितनी दूर लाश मिली है दुर्घटना की संभावना से इंकार किया जाता है। सूचना पाकर आरपीएफ भरवारी मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मृतक के पास आधार कार्ड मिलने से पता चला कि मृतक विनीत कुमार पुत्र मित्रपाल नगला सलोरी हरिद्वार उत्तराखंड का रहने वाला है जिस तरह से रेलवे ट्रैक से दूर लाश पड़ी है उससे स्पष्ट प्रतीत होता है कि मृतक के साथ कोई अनहोनी घटना हुई है घटनास्थल पर खून नहीं मिला है।



रेल लाइन के पास पड़ा शव।



कार्यक्रम में उपस्थित लोग।

## बड़े धूमधाम से मनाया गया अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस

### दीपमाला जन कल्याण सेवा संस्थान तिल्हापुर मोड़ नेवादा रोड द्वारा आयोजित हुआ कार्यक्रम

**अखंड भारत संदेश**

**तिल्हापुर कौशाम्बी।** दीपमाला जन कल्याण सेवा संस्थान मानसिक मंदित आश्रय गृह शाह प्रशिक्षण केंद्र में अंतरराष्ट्रीय विश्व दिव्यांग दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया इस मौके पर मानसिक मंद दिव्यांग बच्चों के द्वारा संस्कृत कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अभिषेक उपाध्याय संस्थापक मैदान सिंह प्रधान संघ अध्यक्ष दीपक सिंह अध्यक्ष समन्वयक रवि शंकर चौबे वीरेंद्र कुमार अभिषेक सिंह विनीता सिंह अजीत कुमार तिवारी राजेश कुमार सुमन सुभाष चंद केसरवानी मदन कुमार केसरवानी राजेंद्र प्रसाद केसरवानी ओम प्रकाश सोनी सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# भतीजे के शादी में जा रहे मां बेटे और बेटी को डम्फर ने कुचला

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिले के पिपरी थाना क्षेत्र में सगे भतीजे के शादी में जा रहे बाइक सवार तीन लोगों की प्रयागराज के धूमनगंज थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई है बताया जाता है कि फुलवा गांव निवासी ध्रुव तिवारी की पत्नी बेटी और बेटा शुक्रवार की रात में बाइक से मकनपुर गेस्ट हाउस में दावत जा रहे थे प्रयागराज जनपद के धूमनगंज थाना क्षेत्र में एक ही परिवार के तीन लोगो को तेज रफ्तार अनियंत्रित डंफर ट्रक ने कुचल दिया,हादसे में मां बेटे और बेटी की दर्दनाक मौत हो गई,घटना के बाद पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और परिजनो को सूचना दी।

### घटनास्थल पर तड़प तड़प कर हुई तीनों की दर्दनाक मौत



तीन लोगों की मौत के बाद गांव में मौजूद पुलिस।

घटना देर रात की प्रयागराज जनपद के धूमनगंज थाना क्षेत्र की है जहा शुक्रवार को देर रात तेज रफ्तार अनियंत्रित डंफर ट्रक ने पीपल गांव चौराहे के पास मां बेटे और बेटी को कुचल दिया। हादसा इतना भीषण था कि? तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने तीनों शवों को देखते ही दहाड़ मार कर रोने लगे ?लडकी पक्ष और लड़का पक्ष जो जहां था जिसे भी जानकारी मिली वह घटना स्थल पर पहुंच गया सभी की आंखें नम हो गई घटनास्थल पर चीख-पुकार मची रही मृतक की पहचान कौशांबी के थाना पिपरी क्षेत्रांतर्गत ग्राम फुलवा बिसौना निवासी 19 वर्ष दिव्यम तिवारी पुत्र ध्रुव प्रसाद तिवारी 21 वर्ष पुत्री ज्योति तिवारी,पत्नी 38 वर्ष साधना तिवारी के रूप में हुई।

## चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमें यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 177 वाहनों का ई-चालान किया गया व 05 वाहनों का चालान कर 2500 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया।

## निरोधात्मक कार्यवाही में 13 अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मझनपुर से एक थाना करारी से दो थाना पश्चिम शरीरा से दो थाना महेवाघाट से दो थाना कोखराज से चार थाना सैनी से दो कुल 13 अभियुक्तो को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

## ट्रेन हादसे में एक व्यक्ति की मौत

**अखंड भारत संदेश**

**कोखराज कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के बिदन पुर रेलवे यार्ड के पास शनिवार की देर रात 11:00 बजे एक व्यक्ति की ट्रेन हादसे में मौत हो गई है सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मृतक की शिनाख्त वीरेंद्र कुमार उम्र 26 वर्ष पुत्र स्व.लक्ष्मी नारायण निवासी टीकर डीह थाना कोखराज के रूप में हुई है रेलवे के कर्मचारियों ने बताया कि बीरेंद्र कुमार रेलवे ट्रेक पार करते समय ट्रेन नंबर ठर ढर माल गाड़ी से टकरा गया जिसके कारण उसकी मौत हो गई जीआरपी द्वारा पोस्ट मार्टम हेतु शव को कब्जे में लेकर भेजा गया है।

## सस्ते दर पर अस्पताल में मरीजों के इलाज शुरू

**अखंड भारत संदेश**

**भरवारी कौशाम्बी।** भरवारी के एक निजी अस्पताल में सस्ते दर पर मरीजों का इलाज शुरू हो गया है रविवार से बृजेश मेमोरियल अस्पताल भरवारी मे फिजियो थेरेपी यानी भौतिक चिकित्सा का कार्य शुरू हो गया है जिसके लिए बृजेश मेमोरियल अस्पताल मे अनुभवी चिकित्सक द्वारा सभी गंभीर व्यक्तियों का कुशल पूर्वक भौतिक चिकित्सा का कार्य कराया गया है जिसका समय शाम चार बजे से छा बजे तक बताया गया है सबसे बड़ी बात तो यह हैं जो शुल्क लिया जायगा वह नाम मात्र भर का ही होगा।

# प्राणघातक हमला कर दबंगों ने किया 4 लोगों को मरणासन्न

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** मोहब्बत पुर पैसा थाना क्षेत्र के अफजलपुर वारी गांव में दबंगों ने कुल्हाड़ी से प्राणघातक हमला कर चार लोगों को मरणासन्न कर दिया है घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल और निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है खबर लिखे जाने तक पुलिस ने मुकदमा नहीं दर्ज किया है।

जानकारी के मुताबिक शनिवार को नरेश चंद्र सोनकर उम्र लगभग 55 वर्ष पुत्र बच्ची लाल सोनकर निवासी अफजलपुर वारी थाना मोहब्बतपुर पैसा अपने घर पर परिजनों के साथ मौजूद था इसी बीच पड़ोसी अमित चंद सोनकर पुत्र मूरत ध्वज अपने भाई अथय चंद जयचंद और मौसेरी बहन प्रेमा देवी निवासी गुरगौला खखरेरू फतेहपुर के साथ कुल्हाड़ी सब्बर लेकर नरेश चन्द्र के ऊपर प्राणघातक हमला कर दिया जिससे उसके सिर पर गंभीर चोटें लग गयी नरेश लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा नरेश के ऊपर प्राण हमला देखकर उसका बेटा अतुल कुमार आयुष कुमार बचाव के लिए दौड़े लेकिन आक्रोशित हमलावरों ने दोनों बेटे अतुल और आयुष पर भी कुल्हाड़ी से हमला कर दिया जिससे दोनों बेटे भी घायल हो गए होहल्ला सुनकर नरेश के भतीजे अवधेश की पत्नी तारा देवी बीच-बचाव करने पहुँची हमलावरों ने उसको भी मारपीट कर लहूलुहान कर दिया गया है हमले में नरेश सहित दोनों बेटे और पुत्रवधु को गंभीर चोटें आई हैं बताया जाता है कि अमित चन्द्र ने कुल्हाड़ी से अतुल के सिर में वार कर दिया जिससे गंभीर चोट लग जाने के कारण अतुल घटनास्थल पर बेहोश हो गया आसपास के लोगों ने जब हो हल्ला सुना तो हमलावरों को ललकारा मौके पर पहुंची भीड़ देखकर हमला करने के बाद चारों आरोपी गाली गलौज कर दुबारा जान से मारने की धमकी देते हुए भागने लगे सड़क की ठोकर लगने से अथय गिर गया है जिससे उसको हल्की चोटें लग गई हैं घटना की लिखित सूचना थाना पुलिस को दिया है लेकिन 24 घण्टे बीत जाने के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई थाना पुलिस मामले में हमलावरों को बचाने का प्रयास कर रही है।



हमले में घायल लोग।

## अवैध तरीके से चल रहे सैकड़ों अस्पतालों को सीज करने के बजाय 5 अस्पताल को सीज कर झूठी वाहवाही लूट रहा स्वास्थ विभाग


### एनजीटी के नियम के विपरीत चल रहे अस्पतालों को बंद कराए जाने की अग्निशमन विभाग की सिफारिश के बाद भी नहीं बंद हुए अस्पताल

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** अवैध तरीके से चलने वाले सैकड़ों अस्पतालों पर कार्यवाही ना करने में स्वास्थ्य विभाग ने पूरे महकमे पर बदनुमा दाग लगा दिया है मामले की शिकायत शासन से हुई शासन ने कार्रवाई करने का निर्देश दिया जिस पर शासन का दबाव बढ़ने के बाद जिले में स्वास्थ्य विभाग ने फर्जी तरीके से चलने वाले 5 अस्पतालो पर कार्यवाई कर झूठी वाहवाही लूटना शुरू कर दिया है आखिर शेष अवैध अस्पतालों को कौन सीज करेगा अग्निशमन विभाग ने महीनों पूर्व सैकड़ों अस्पतालों के फर्जी तरीके से संचालन की सूचना मुख्य चिकित्सा अधिकारी और जिलाधिकारी को भेजी है लेकिन उसके बाद मानक विहीन तरीके से अस्पताल का लाइसेंस देने के बाद अस्पतालों को सीज करने में स्वास्थ्य विभाग लगातार अवैध अस्पतालों का शरणदाता बना हुआ है।

अवैध रूप से चल रहे फर्जी अस्पतालो को कड़ा ब्लाक के नोडल अधिकारी ने 5 अवैध क्लीनिक को सील कर दिया वही दो अस्पतालो को नोटिस भी दिया है इस दौरान विभागीय छापेमारी के चलते कई झोलाछाप डॉक्टर क्लीनिक छोड कर फरार हो गए ,वही टीम को अस्पतालो से कई अवैध दवा भी बरामद हुई है,नोडल अधिकारी डाक्टर कुश शर्मा ने बताया कि उटड के निर्देश पर यह कार्यवाई कड़ा ब्लॉक के देवीगंज व सैनी में की गई है।

## मकड़जाल की तरह फैला हैं विद्युत तार



**अखंड भारत संदेश**

**भरवारी कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी के शिशु मंदिर कॉलोनी में दिनेश के घर के आस-पास मकड़जाल की तरह विद्युत तार फैली है जिससे हादसे की संभावना लगातार बनी रहती है कई बार शिकायत के बाद भी विद्युत अधिकारी उलझी विद्युत तार को ठीक नहीं कर सके हैं उलझी विधुत तारो के आपस मे लड़ते ही चिंगारी निकलती हैं ऐसे लोगों के अंदर हादसे का भय व्याप्त हो जाता है विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते विद्युत तार इतनी नीचे लटक रही हैं कि कभी भी बड़ी घटना हो सकती हैं आखिर उलझी विधुत तारों को ठीक करने के लिए विद्युत विभाग कब संज्ञान लेगा मोहल्ले के लोगों ने विद्युत अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए उलझी विद्युत तारों को ठीक कराए जाने की मांग की है जिससे विद्युत हादसे को रोका जा सके।

# बड़े धूमधाम से मनाया गया जल महोत्सव

### कलपत्रु ग्रुप इन्टरप्राइजेज द्वारा नवंबर माह में अपने कर्मचारियों व जलनिगम कर्मचारियों के साथ बडे.हर्ष से मनाया जल महोत्सव

**अखंड भारत संदेश**

**कोखराज कौशांबी।** जल महोत्सव के अवसर जेएमसी कंपनी द्वारा बड़े धूमधाम से महोत्सव मनाया गया है इस मौके पर उपस्थित लोगों को शुद्ध जल देने का कंपनी के लोगों ने आश्वासन दिया है सिराथू तहसील क्षेत्र के थाना कोखराज चौराहे के पास जेएमसी प्रोजेक्ट इंडिया लिमिटेड के जल निगम के कार्यालय में जल महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में जेएमसी के अधिकारियों ने कहा कि चायल तहसील के सैदन पुर कटरा में टीपीआई मेधाज टेक्नो के कर्मचारी अभिषेक, आलोक,के सहयोग से दो स्थानों में जल सप्लाई पाइप लाइन द्वारा ग्रामीणों को पीने का शुद्ध पानी दिया जा रहा है इस कार्य के पूरे होने की खुशी में कोखराज क्षेत्र के ऑफिस में आयोजित जल महोत्सव कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि कम्पनी के इंचार्ज पी.एम श्री प्रसाद, रितम मल्लिक, संजय राघव ,नीरज मिश्रा, विशाल आदि लोग शामिल हुए और जल महोत्सव को बड़े ही धूमधाम से मनाया है कार्यक्रम का संचालन कर रहे मिथलेश कुमार सिंह ने धीरज द्विवेदी के नेतृत्व में अपने कम्पनी व जल निगम के कर्मचारी के साथ बैठक कर कार्य व नवंबर माह जल की क्वालिटी व गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखने के लिए लोगों को प्रेरित किया इस मौके पर जेएमसी के अधिकारियों ने कहा कि कर्मचारियों की सुरक्षा सर्वोपरि है और कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखकर कार्य किए जाएं इस मौके पर कंपनी के अधिकारियों ने कहा कि भांजी की शुद्धता से किसी कीमत पर समझौता नहीं होगा उन्होंने कहा कि शुद्ध जल लोगों को उपलब्ध कराना उनकी पहली प्राथमिकता है और जल महोत्सव के अवसर पर जेएमसी कंपनी के कर्मचारियों अधिकारियों ने शुद्ध जल उपलब्ध कराने की शपथ ली साथ में कम्पनी कर्मचारियों को गिफ्ट देकर उनका उत्साह वर्धन किया गया।

### कम्पनी के अधिकारियों व इंजिनियरों ने जल शुद्धता गुणवत्ता पर ध्यान देने के लिए किया प्रेरित




शुद्ध जल देने की शपथ लेते जे एम सी कंपनी के कर्मचारी।

## भगवा ध्वज के तले संगठित होकर देश के विरुद्ध षडयंत्रों को रोके सनातनी - शशि भाल त्रिपाठी

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वाधान में स्वयंसेवक संगम एवं समरसता भोज का आयोजन मंझनपुर नगर में किया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ काशी प्रांत घुमंतू कार्य प्रमुख शशि भाल त्रिपाठी ने कहा कि हिंदू समाज को स्वयं के विरुद्ध होने वाले षड़यंत्रों को रोकने के लिए संगठित होकर कार्य करना होगा समाज के सभी वर्गों को एक दूसरे के साथ बेहतर सामंजस्य एवं समरसता का भाव उत्पन्न करना होगा जो कि सिर्फ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ही कर सकता है कार्यक्रम में संघ के जिला प्रचारक प्रमोद कुमार तथा आशीष कुमार केसरवानी बच्चा चूना वाले की सहभागिता रही। कार्यक्रम के अंत में सहभोज कार्यक्रम किया गया जिसमें सभी वर्गों के सैकड़ों लोगो ने साथ बैठकर भोज ग्रहण किया समाज को एकजुट करने का संकल्प लिया कार्यक्रम में, केसरवानी ,राजेंद्रअग्रहरि,लल्ला अग्रहरि, सुरेंद्र मिश्रा,वेद प्रकाश पांडे, आजाद सरोज, शारदा प्रसाद सरो, पप्पू सरोज, सुनील साहू, राजेंद्र कुमार जी, राजू विश्वकर्मा जी, माधव प्रसाद चौरसिया, उपेंद्र शर्मा , बच्चा लाल चौधरी जी, प्रेमचंद चौधरी जी, शिरीष चंद्र गुरु जी, दीपक जायसवाल, कल्लू पंडित जी,नरेंद्र साहू ,अंकुर केसरवानी, कमलेश सोनकर जी , सुशील श्रीवास्तव ,ज्ञानेंद्र साहू ,संजय, सत्यम आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



आरआरएस जे भोज में शामिल लोग।

## अलग अलग थानों से पांच वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जिले में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन के क्रम में अलग अलग थानो द्वारा पांच वारन्टी अभियुक्तो को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेज दिया है जानकारी के मुताबिक थाना करारी पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त श्रीपाल पुत्र पीताम्बर निवासी सहाबुद्दीनपुर थाना करारी को ग्राम सहाबुद्दीनपुर से गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तों को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त शिव बाबू पुत्र हुबलाल निवासी टिकरी थाना पश्चिम शरीरा जनपद गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना कड़ाधाम पुलिस बल द्वारा वारटी अभियुक्त इरफान पुत्र मोहम्मद अनीर निवासी कजिराना मंडाई कड़ा थाना कड़ाधाम को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्तो को न्यायालय भेज दिया है।

इसी प्रकार थाना सैनी पुलिस बल द्वारा वारंटी अभियुक्त जवाहर मौर्य पुत्र धर्मपाल निवासी नूरपुर थाना सैनी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

## अभिलेखों में हेराफेरी कर जबरिया दबंग कर रहा है जमीन पर कब्जा

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** नगर पालिका भरवारी के सिंधिया निवासी अरुण कुमार मिश्रा ने एसपी को शिकायती पत्र देकर बताया कि आराजी संख्या 469 ब रकबा 0.0400 हेक्टेयर में निर्माण के दौरान विपक्षी अवरोध उत्पन्न कर रहा है उसके अवैध हस्तक्षेप को रोका जाए। शिकायत कर्ता अरुण कुमार ने बताया कि उसकी आराजी संख्या 501 पुराना नंबर व नया नंबर 469 स्थित सिंधिया तहसील सिराथू में विपक्षी ओमप्रकाश पुत्र दशरथ लाल आदि निवासी पुरानी बाजार भरवारी जबरिया कब्जा कर रहे है आपको बताते चलें की पुराना आराजी संख्या 501 नया नंबर 469 स्थित मौजा सिंधिया में विपक्षी ओमप्रकाश पुत्र दशरथ लाल आदि ने 23 /3 /1991 में बैनामा द्वारा जो भूमि क्रय किया है वह भूमि विक्रेता धर्मराज के नाम केवल 8 धूर दर्ज थी जो विपक्षी ने बैनामा कराते वक्त विक्रेता से उसकी भूमि से अधिक व गलत ढंग से बैनामा 9 धूर दर्ज करवा दिया था विपक्षी राजस्व अभिलेख में अशुद्ध प्रविष्ट के आधार पर कब्जा करने की नियत से आराजी संख्या 469 बा में प्रार्थी की भूमि को अपना बताकर जबरन गुंडई के बल पर कब्जा करने की नियत से प्रार्थी के निर्माण कार्य में अवैध हस्तक्षेप कर रहे हैं उसका कहना है कि राजस्व टीम को बुलाकर नाप करवा लेने की बात पर विपक्षी जबरन लड़ाई झगड़ा गाली गलौज कर रहा है।

संपादकीय

# जी-20: भारत क्यों न बने विश्व-गुरू ?

01 दिसंबर से भारत जी-20 (बीस देशों के समूह) का अध्यक्ष बन गया है। सुरक्षा परिषद का भी वह इस माह के लिए अध्यक्ष है। भारतीय विदेश नीति के लिए यह बहुत सम्मान की बात है लेकिन यह बड़ी चुनौती भी है। सुरक्षा परिषद आजकल पिछले कई माह से यूक्रेन के सवाल पर आपस में बंटी हुई है। उसकी बैठकों में शीतयुद्ध का-सा गर्मागर्म माहौल दिखाई पड़ता है। लगभग सभी प्रस्ताव आजकल ह्यवीटोह्ल के शिकार हो जाते हैं, खास तौर पर यूक्रेन के सवाल पर। यूक्रेन का सवाल इस बार जी-20 की बाली में हुई बैठक पर छाया रहा। एक तरफ अमेरिका और यूरोपीय राष्ट्र थे और दूसरी तरफ रूस और चीन। उनके नेताओं ने एक-दूसरे पर प्रहार करने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी लेकिन फिर भी एक सर्वसम्मत घोषणा-पत्र बाली-सम्मेलन के बाद जारी हो सका। इस सफलता का श्रेय खुले तौर पर भारत को नहीं मिला लेकिन जी-20 ने भारत का रास्ता ही अपनाया। भारत तटस्थ रहा। न तो वह रूस के साथ गया और न ही अमेरिका के! उसने रूस से अतिरिक्त तेल खरीदने में जरा भी संकोच नहीं किया, जबकि यूरोपीय राष्ट्रों ने हर रूसी निर्यात का बहिष्कार कर रखा है लेकिन नरेंद्र मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से साफ–साफ कहा है कि यह युद्ध का समय नहीं है। भारत के इस रवैए से अमेरिका खुश है। वह भारत के साथ मिलकर आग्नेय एशिया में चौगुटा चला रहा है और पश्चिम एशिया में भी उसने अपने नए चौगुटे में भारत को जोड़ रखा है। जी-20 की अध्यक्षता करते हुए भारत को इन पांचों महाशक्तियों को तो पटाए रखना ही होगा, उसके साथ-साथ अफ्रीका, एशिया और लातीनी अमेरिकी देशों की आर्थिक उन्नति का भी मार्ग प्रशस्त करना होगा। जी-20 की अध्यक्षता ग्रहण करते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से अखबारों में जो लेख छपा है, उसमें हमारे नौकरशाहों ने जी-20 के घिसे-पिटे मुद्दों को ही दोहराया है। उनमें भी कुछ न कुछ सफलता जरुर मिल सकती है लेकिन ये काम तो किसी भी राष्ट्र की अध्यक्षता में हो सकते हैं। भारत को यह जो अवसर मिला है, उसका उपयोग अगर मौलिक और भारतीय दृष्टि से किया जा सके तो 21 वीं सदी का नक्शा ही बदल सकता है। ह्यवसुधैव कुटुम्बकमह्ल का मुहावरा तो काफी अच्छा है लेकिन हम पश्चिमी राष्ट्रों के नकलची बनकर इस शक्तिशाली संगठन के जरिए कौनसा चमत्कार कर सकते हैं? क्या हमने भारत में कुछ ऐसा करके दिखाया है, जो पूंजीवाद और साम्यवाद का विकल्प बन सके? भारत और विश्व में फैल रही आर्थिक असमानता, धार्मिक विद्वेश, परमाणु असुरक्षा, असीम उपभोक्तावाद, पर्यावरण-क्षति आदि मुद्दों पर हमारे पास क्या कोई ठोस विकल्प हैं?

# राहुल की यात्रा के निहितार्थ

**भारत शर्मा**

**बहुत** से लोगों की शिकायत हो सकती है, कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को व्यापक मीडिया कवरेज नहीं मिल रहा, मीडिया की भी यह शिकायत हो सकती है कि जब एक ही तरह से चलना है, तो इसमें नया क्या है, जिसे कवर किया जाए। 100 भारत यात्री लगातार चल रहे हैं, कुछ स्थानीय लोग हैं, कांग्रेस के नेता हैं और कुछ टिकिटार्थी, फिर समय-समय पर आने वाले कुछ सेलिब्रिटी। मीडिया को इवेंट चाहिए, कुछ नया, कुछ सनसनीखेज, जो हेडलाईन बन सके। दरअसल, इतनी लंबी चलने वाली यात्रा में एकरुपता होती है, जो मीडिया के लिए नीरस होती है, हां स्थानीय स्तर पर इसे अवश्य छापा दिया है, कुछ पत्रकार इसे सनसनी बनाने के चक्कर में इस रैली के दौरान पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे खोजते नजर आ जाएंगे, पर खास बात यह है कि इस तरह से किसी भी सनसनीखेज आरोपों पर राहुल गांधी खामोश नजर आते हैं। सोशल मीडिया के जमाने में खबरें लोगों तक पहुंच रही है। वर्तमान में राहुल गांधी की यात्रा मध्य प्रदेश के जिस इलाके से गुजर रही है, वह आरएसएस का गढ़ है, यहां संघ का संगठन गुजरात से भी मजबूत है, लगभग हर घर में संघ परिवार है। इसका एक कारण यह भी है, कि यह इलाका आजादी के दौर में रजवाड़ों का इलाका था, जिन्होंने आजादी से पहले अंग्रेजों और फिर संघ को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राहुल जब संघ से लड़ रहे हैं, तब यह इलाका महत्वपूर्ण हो जाता है, और इस यात्रा को जिस तरह का रैस्पॉन्स यहां मिल रहा है, उसकी उम्मीद कांग्रेस को भी नहीं थी। राहुल गांधी जिस सादगी से लोगों से मिल रहे हैं, उसने उनकी छवि को बड़ा बना दिया है। राहुल तीन तरह से लोगों से संवाद कर रहे हैं, यात्रा विश्राम के दौरान, यात्रा के दौरान तय लोगों से मुलाकात हो रही है, फिर भीड़ में से वे किसी से भी मिल सकते हैं। खास बात यह है, कि वे उन लोगों से मिल रहे हैं, जो जन के बीच हैं, खासतौर पर अलग-अलग मुद्दों पर काम करने वालों से, उस खास इलाके में काम करने वाले लोगों से। इन सभी की बातचीत का डाक्युमेंटेशन किया जा रहा है। राहुल के साथ संवाद करने वाले की सभी बातचीत रिकार्ड की जाती है, बाद में उनकी टीम के लोग अलग से वीडियो भी बनाते हैं। किन लोगों को मिलवाया जाना है, यह काम उनकी कॉर्डिनेशन टीम करती है, राहुल तक पहुंचाने का काम भी इन्हीं लोगों को करना होता है। खास बात यह है, कि राहुल गांधी जिस गंभीरता से संवाद करते हैं, वह आज के दौर के नेताओं में देखने को नहीं मिलता, वे सवाल भी करते हैं, और महत्वपूर्ण बात नोट भी करवाते हैं। कुछ लोगों को बाद में दिल्ली आकर मिलने को भी कहते हैं। यह आइडिया ऑफ इंडिया का विचार है, जो लोग मिल रहे हैं, उनका अपना लंबा अनुभव है, अलग-अलग फील्ड में काम करने का। राहुल उसे समझ रहे हैं, संभव है, यात्रा के बाद इन तमाम दस्तावेजों के आधार पर वे कोई एक्शन प्लान तैयार करें, जो जनता के हर वर्ग की परेशानियों को संबोधित करता नजर आए और संघ परिवार द्वारा फैलाई जाने वाली नफरत हवा में तैरती नजर आए।

# लाल आतंक कहें या माओवाद

**उपेन्द्र नाथ राय**

**लाल आतंक** कहें या माओवाद, उनके हार्डकोर संगठन वीर जनमुक्ति गुरिल्ला सेना अर्थात पीएलजीए आज 22 वर्ष का हो गया। इसको यूं भी कह सकते हैं कि दरिंदगी की हदें 22 साल से चल रही हैं। हर साल माओवादी पीएलजीए के गठन को यादगार बनाने के लिए दो दिसम्बर से आठ दिसम्बर तक पीएलजीए सप्ताह मनाते हैं। अपने प्रभावित क्षेत्रों में पर्चा फेंक दिये, बस चारों तरफ सन्नाटा। आतंक के साए में जी रहे लोग इनके हर हुकुम के आगे अपना सिर झुकाने को मजबूर हो जाते हैं। हालांकि हमारे बहादुर सैनिकों ने बहुत हद तक इनको नियंत्रित कर दिया है। इनकी कमर टूट चुकी है, लेकिन अब भी इनकी कायराना हरक्कत सभी को कभी-कभी चकित कर देती है। माओवादियों का आतंक और समस्या आतंकवादियों की अपेक्षा जटिल है। इसे समझने की जरूरत है। यह भी सत्य है कि माओवाद समाप्त करने के लिए केन्द्रीय फोर्स और स्थानीय पुलिस बल मलेरिया की दवा कोनैन के समान है, जो रोग होने पर उससे निदान के काम तो आती है, लेकिन मलेरिया बुखार न हो, इसके लिए जरूरी है कि मच्छरों को ही समूल नष्ट कर दिया जाय।

यह भी सत्य है कि केन्द्रीय फोर्स और स्थानीय पुलिस ने इस समय माओवादियों की कमर तोड़ दी है, लेकिन फिर यह भी मानना पड़ेगा कि उस विचारधारा को पनपने से रोकने के लिए बहुत सारे कदम उठाने की जरूरत है। लाल सलाम करने वालों की स्थिति इस समय कैसी है, यह उनके द्वारा ही सात नवम्बर को जारी किये गये एक 27 पेज के पत्र से जाहिर होता है, जिसमें लिखा है कि 11 महीनों के अंदर (दिसम्बर 2021 से नवंबर 2022 तक) देशभर में 132 माओवादी मारे गये। इसमें सबसे अधिक कामरेड 89 दंडकारंय क्षेत्र में मारे गये हैं (बस्तर संभाग व छत्तीसगढ़ के बार्डर महाराष्ट्र और तेलंगाना के बार्डर को मिलाकर माओवादियों ने एक डिविजन दंडकारंय के नाम से बनाया है।)।

इसके अलावा उस पत्र में दिया है कि एक माओवादी सेंट्रल रीजनल बल से, बिहार-झारखंड में 17, पश्चिम बंग में एक, तेलंगाना में 15, आंध्र प्रदेश में एक, ओडिशा में तीन कामरेड, पश्चिम घाटियों में एक कामरेड, महाराष्ट्र-मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ में तीन कामरेड 11 माह के भीतर मारे गये हैं। इसमें केंद्रीय कमेटी के सदस्य दीपक को बचाने में ही 27 माओवादी पारेवा मुठभेड़ में मार दिये गये थे। माओवादियों के समूल नाश के लिए केन्द्र सरकार ने मई 2017 में पांच वर्ष की समय सीमा रखकर केन्द्र सरकार ने समाधान योजना प्रारंभ किया था।



इस पत्र में ही लिखा है कि माओवादियों (2017 से) ने इस दौरान पूरे भारत में 1300 से अधिक गुरिल्ला कार्रवाई की। इसके माध्यम से पांच सालों में 429 जवान शहीद हो गये। वहीं 966 जवान घायल हुए। इस दौरान 40 लोगों को माओवादियों ने मार डाला। यही नहीं 409 जन सामान्य की भी नृशंस हत्या कर दी। उसमें से ज्यादातर आदिवासी समाज से ही हैं। 300 जगहों पर संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। एक साल में देखा जाय तो माओवादियों ने 200 आतंक फैलाने का काम किया। इसमें 31 जवान शहीद हुए। वहीं 154 जवान घायल हुए। 69 सामान्य लोगों को माओवादियों ने मार डाला।

मच्छर रुपी माओवाद की समस्या को मूल जड़ से समाप्त करने के लिए सरकार को पहले स्थानीय स्थितियों को समझना होगा। इसके बाद वहां के स्थानीय लोगों से गहरी पैठ बनाने के लिए अपने स्थाई लोग रखने होंगे। अब वहां की समस्या के बारे आप इसी से समझ सकते हैं कि छत्तीसगढ़ का कांकेर जिले का आमाबेड़ा क्षेत्र जिला मुख्यालय से महज 15 किमी की दूरी पर है। उस क्षेत्र में आज भी ऐसे गांव हैं, जहां के लोग हिन्दी बोलना तो दूर छत्तीसगढ़ी भाषा भी नहीं बोल पाते। ऐसे में वे प्रशासनिक अधिकारियों से अपने दर्द को कैसे बयां कर सकते हैं। वहां ऐसे कई गांव हैं, जहां पर प्रशासन को पहुंचते 12 से 15 घंटे लग जाएंगे। वहां सिर्फ किसी तरह साइकिल या बाइक ही जा सकती है। प्रशासन की क्षमता अकेले जाने की नहीं होती। यदि पूरी फोर्स वहां पहुंचती है तो हर कदम पर खतरा मंडरा रहा होता है।

वहां पुलिस व माओवादियों में अंतर यह हो जाता है कि माओवादियों के सचिव स्तर के पदाधिकारी के लिए अनिवार्य योग्यता ही चार भाषाओं का ज्ञाता होना जरूरी है। एक जिस क्षेत्र में उसकी नियुक्ति है, उस क्षेत्र की स्थानीय भाषा के साथ ही हिंदी और अंग्रेजी की जानकारी भी चाहिए। स्थानीय भाषा के जानकार होने से वे स्थानीय लोगों के साथ आसानी से घुल-मिल जाते हैं। वहीं पुलिस को वहां के लोगों का दर्द समझने के लिए एक द्विभाषिया की जरूरत पड़ेगी। ऐसे में पुलिस स्थानीय लोगों के साथ कैसे घुल-मिल सकती है।

हां, यह कहा जाता है कि जो दिखता है, वह हमेशा सच नहीं होता। यह बात माओवादी क्षेत्रों में सच साबित होती है। यही कारण है कि बाहर से उस क्षेत्र में जाकर विशेष खबर देने वाले पत्रकार भी कभी हकीकत को उजागर ठीक से नहीं कर पाते। इसका कारण है कि उनकी रिपोर्ट ... वहां ... के ... स्थानीय लोगों द्वारा बताने के आधार पर होती है। आप ऐसे ही सोच सकते हैं कि जो बंदूक की नोक पर हमेशा सांसे ले रहा हो, वह कैसे सच बता सकता है। हकीकत होती है कि यदि कोई रिपोटिंग करने गया तो वहीं सामान्य वेश में दस लोगों के बीच कोई माओवादी भी होता है।

> यह भी सत्य है कि केन्द्रीय फोर्स और स्थानीय पुलिस ने इस समय माओवादियों की कमर तोड़ दी है, लेकिन फिर यह भी मानना पड़ेगा कि उस विचारधारा को पनपने से रोकने के लिए बहुत सारे कदम उठाने की जरूरत है। लाल सलाम करने वालों की स्थिति इस समय कैसी है, यह उनके द्वारा ही सात नवम्बर को जारी किये गये

उदाहरण के तौर पर आप उनसे पूछिये, क्या इस बीच माओवादी इस क्षेत्र में देखे गये हैं। उनका यही जवाब होगा, वर्षों से देखे नहीं गये, जबकि हकीकत है कि उस क्षेत्र में हर दिन आते-जाते रहते हैं। ऐसी ही तमाम मुद्दों पर वहां के स्थानीय लोगों से पत्रकार चर्चा करके आ जाते हैं और वहां की असली हकीकत से कभी रूबरू नहीं हो पाते। यदि आपको वहां के हकीकत से रूबरू होना है तो वहां आपको वर्षों गुजारने होंगे। किसी भी व्यक्ति की बातों पर नहीं, उनकी आंखों को देखकर, उनकी भावना को समझकर आपको वहां की हकीकत से रूबरू होना होगा।

माओवादी क्षेत्र में रहने वाले लोगों के सामने एक तरफ खाईं है तो दूसरी तरफ पहाड़। दोनों के बीच हमेशा उनकी जिंदगी खतरे में पड़ी रहती है। यदि एक पुलिस वाला उनसे बात कर लेता है तो शक में माओवादी उन्हें मौत की खाट उतार देते हैं। कहते हैं, यह पुलिस का मुखबिर था। इधर पुलिस उन्हें हमेशा शक के दायरे में रखती है कि यह जनताना सरकार का सदस्य होगा और कई बार यह हकीकत भी होती है कि उन्हीं आम आदमियों के बीच माओवादियों का मुखबिर भी छिपा होता है, जिसे उस गांव के लोग भी नहीं जानते।

इसकी हकीकत का अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि एक बार मैं छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले का माओवादियों से पूरी तरह प्रभावित सीतरम इलाके में गया था। वहां जाने के लिए एक नदी का पार करना पड़ता है। नदी पार करते ही माओवादियों के स्मारक दिखने लगे। वहां प्रवेश करते ही कुछ लोग ऐसी निगाह से देखने लगे कि ऐसा लगा मैं चारों तरफ से घिर चुका हूं। इसके बाद मैं अखबार से बताया तो हमें कुछ राहत मिली। चारों तरफ माओवादी संकेत के बावजूद किसी से पूछिए, यही बताता था कि यहां कोई माओवादियों के बारे में नहीं जानता। इधर कोई गतिविधि नहीं दिखती। एक साधारण सा दिखने वाले एक व्यक्ति से हमारी पूरी बात हुई, वह हमेशा यही कहता रहा कि यहां माओवादी आते ही नहीं, जबकि उस घटना के तीसरे दिन ही वही पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया।

यदि आतंकवादियों और माओवादियों की तुलना करें तो माओवादी आतंकवादियों की अपेक्षा ज्यादा घातक हैं। आतंकवादी तो पहचान में आ जाएंगे, क्योंकि वे हमेशा आमने-सामने की लड़ाई करते हैं, जबकि माओवादी हमेशा कायरों की भांति छिपकर गुरिल्ला युद्ध करते हैं। जब अकेले पाते हैं तो पीठ में छुरा भोंक कर चले जाते हैं। माओवादियों की पहचान करना भी बड़ा मुश्किल है। इस कारण इनसे लड़ाई इन्हीं की भाषा में ही की जा सकती है।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं हिन्दुस्थान समाचार से जुड़े हैं। तीन साल तक माओवाद प्रभावित क्षेत्र में सक्रिय पत्रकारिता कर चुके हैं)**

# अदालत का मारा ! कहां पनाह पाये ?

**के. विक्रम राव**

**आज** एक खबर पढ़ी, इलाहाबाद हाईकोर्ट की बाबत। लुभावनी लगी। हृदयग्राही भी। मगर थी बड़ी पीड़ादायिनी ! व्यथित हुआ। हाईकोर्ट का हाईटेक होना तो सुना था। पर उसका अर्दली भी हाईटेक हो जाये ? अद्यतन बन जाए ! (हाईटेक का अर्थ हैं ऑक्सफोर्ड शब्दकोश के अनुसार : ह्लअत्याधुनिक मशीनों, खासकर इलेक्ट्रॉनिक तथा विधियों का प्रयोग करनाह्व) समाचार था कि कोई राजेंद्र कुमार नामवाला मामूली कारकून महाशय अपनी वर्दी पर पेटीएम का क्यूआर कोड लगाकर बख्शीश वसूलने और टिप लेने में संलिप्त था। इसी आरोप में कल (1 दिसम्बर 2022) उसे निलंबित कर दिया गया। अनायास ही इसी न्यायालय का एक पुराना नजारा याद आ गया। उस दिन (बृहस्पतिवार, 12 जून 1975) के दोपहर को वरिष्ठ न्यायमूर्ति रहे जस्टिस विलियम ब्रूम, क्ठर, अपने पुराने कार्य भवन (न्याय मार्ग, धूमनगंज, अब प्रयागराज) में तीन वर्ष बाद गए। इस उच्च न्यायालय के बगीचे से भवन को सलाम किया। न्याय के इस पुनीत आस्थास्थल को ! कुछ देर पूर्व ही जस्टिस जगमोहनलाल सिन्हा ने प्रधानमंत्री के चुनाव को भ्रष्टाचार के दोषी होने पर निरस्त कर दिया था। सांसदी समाप्त कर दी थी। उसी कक्ष में यह फैसला सुनाया जहां कभी अभियुक्त के पिता जवाहरलाल नेहरू वकालत करते थे।



इलाहाबाद हाईकोर्ट



जस्टिस विलियम ब्रूम

तब इतिहास रच गया था। आपातकाल थोपा गया। मुझ जैसे श्रमजीवी पत्रकार उन हजारों में थे, जिन्हें तानाशाह ने जेलों में (मुझे तो देश के पांच में तेरह माह) कैद कर रखा गया था।

फिलहाल आज न्यायक्षेत्र में कदाचार पर आम जन का ध्यान अनायास खिंच जाता है। यह 1765 की टिप्पणी थी (विल्मोर सी. जे. इन आर बनाम अलमोन) कि : ह्लन्यायपालिका में भ्रष्टाचार का तत्काल निवारण होना आवश्यक है ह्व विलंब का ही अंजाम है कि इस औपनिवेशिक ब्रिटिश कानूनी प्रणाली पर लोकास्था क्षीण हुई है। मत्स्य न्याय में जैसी। बेचारा दीन याची कदाचित ही न्याय पाता हो। परस्पर वकील भले ही कठोर हरीफ हो, कैंची जैसे चलते हों। पर जो भी (मुवक्किल) उनके बीच में आया, काट दिया गया। न्यायिक उदासीनता पर इसीलिए तुर्की में एक कहावत आम है कि न वकील को पारिश्रमिक दो, न जज को नजराना दो और न पुलिस को रिश्वत। सीधे माफिया को पेशगी दे दो। जमीन का कब्जा, शत्रु को ठिकाने लगाना, उधार की धनराशि की वसूली, जेल से रिहाई आदि सरलता से संपन्न हो जायेंगे। चीन का अनुभव भारत से एकसां है। चीन में कहावत है कि अदालत गाय लेकर जाओ, तो वकील को खर्चा देने के बाद, बिल्ली लेकर लौटो। जमीन-जायदाद का क्षेत्रफल भी सिकुड़ जाता है। अतः न्यायतंत्र के भ्रष्ट आचरण पर चर्चा करें। उच्चतम न्यायालय के वरिष्ठ न्यायमूर्ति तेलुगूभाषी जस्टिस जस्ती चेल्मेश्वर राव ने कई बार वकीलों की शीर्ष संस्था भारतीय बार काउंसिल की आलोचना की थी। उन्हें ह्लबेंच फिक्सिंगह्व के लिए गुनाहगार माना था। उनका आरोप था कि ह्लबार काउंसिल के शब्दों में तर्क क्या खोजें ? वे तो मेरा नाम भी सही नहीं लिख पाते है ह्व इन्हीं जस्टिस चेल्मेश्वर की अध्यक्षतावाली दो-सदस्यीय खंडपीठ ने कोर्ट के कदाचार पर अहम फैसला दिया था। न्यायपालिका में भ्रष्टाचार और भाई भतीजावाद के आरोप अक्सर लगते रहे हैं, लेकिन पटना उच्च न्यायालय की एक घटना ने यह सोचने पर बाध्य किया था कि न्यायपालिका में सबकुछ ठीक-ठाक नहीं है। इस स्थिति से उबरने के लिये कठोरतम कदम उठाने और ऐसे आरोपों की जांच के लिये सुव्यवस्थित मशीनरी की आवश्यकता है। ऐसा सोचने की वजह दो-दो उच्च न्यायालयों के अलावा दिसंबर 2017 में उच्चतम न्यायालय का दृष्टिकोण भी है, जिसमें तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश दीपक मिश्रा की अध्यक्षता वाली पांच-सदस्यीय संविधान पीठ ने आनन-फानन में दूसरे वरिष्ठतम न्यायाधीश जे. चेलमेश्वर की अध्यक्षतावाली दो-सदस्यीय पीठ का आदेश निरर्थक कर दिया था। ख्यात वैश्विक संगठन ट्रांसपरेंसी इंटरनेशनल का कहना भी है कि : दुनिया भर के न्यायाधीशों द्वारा व्यापक रिश्वतखोरी और कानूनी व्यवस्था में अनुचित राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण लाखों लोग अच्छे और निष्पक्ष परीक्षण के अधिकार से वंचित रहते हैं। इसी अवधारणा के समर्थन में कतिपय भ्रष्ट पाए गए न्यायधीशों का उल्लेख हो : वर्ष 1949 में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति एसपी सिन्हा को उनके फैसले के आधार पर सरकारी अधिनियम 1935 के तहत हटा दिया गया था। वर्ष 1979 में भारत के प्रधान न्यायाधीश ने सीबीआई को मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के. वीरास्वामी (न्यायमूर्ति श्री वी. रामास्वामी के ससुर) के खिलाफ अनुपात से ज्यादा आय/संपत्ति का मामला दर्ज करने की अनुमति दी। तीन नवंबर 2002 को, कर्नाटक उच्च न्यायालय के तीन न्यायाधीश दो महिला अधिवक्ताओं के साथ एक रिसॉर्ट में शामिल हो गए। पुलिस पहुंची, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। मुकदमा था : न्यायाधीश एनएस वीरभद्रैया बनाम गोपालगौड़ा और चंद्रशेखरैया। भारत के मुख्य न्यायाधीश द्वारा नियुक्त तीन न्यायाधीश की जांच समिति ने अपनी रपट दाखिल की। क्लीन चिट दे दी गई। सितंबर 2009 में, सुप्रीम कोर्ट के वकील प्रशांत भूषण ने तहलका पत्रिका की शोना चौधरी को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि पिछले 19 मुख्य न्यायाधीशों में से आधे भ्रष्ट थे, टिप्पणी ने शीर्ष अदालत की अवमानना को बताया। फिर 17 सितंबर 2010 को इस पूर्व कानून मंत्री शांति भूषण ने सुप्रीम कोर्ट में सनसनी मचा दी जब उन्होंने भारत के आठ पूर्व मुख्य न्यायाधीशों पर भ्रष्ट आरोप लगाते हुए एक आवेदन दायर किया और अदालत की अवमानना करते हुए उन्हें जेल भेजने की चुनौती दी । **देश के वरिष्ठ पत्रकार**

# संविधान के स्थापित सिद्धांतों की रक्षा करनी होगी

**डॉ. अजीत रानाडे**

**आधुनिक** समय में हो रहीं सभी बहसें, चाहे वे समान नागरिक संहिता के बारे में हों या क्या भारत में हिंदू लोकाचार आधारित संविधान होना चाहिए या चर्चा केंद्र और राज्यों के बीच शक्ति संतुलन के बारे में हो अथवा अल्पसंख्यकों को कितनी सुरक्षा दी जानी चाहिए या अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की सीमाओं तथा अन्य किसी विषय पर हों, संविधान सभा में हुई उन बहसों के दौरान इन सभी विषयों पर पूरी तरह से चर्चा की गई है। भारतीयों को 15 अगस्त, 1947 को आजादी मिली और 26 जनवरी 1950 को जिम्मेदारी मिली। स्वतंत्रता तथा जिम्मेदारी एक साथ चलते हैं और एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। एक के बिना दूसरा अस्तित्व में नहीं रह सकता। आजाद होने का मतलब है किसी और के द्वारा शासित न होना। यह हमारी संप्रभुता स्थापित करता है। जिम्मेदार होने का मतलब है कि ऐसे नियम बनाना जिनके जरिए यह तय किया जाए कि हम एक समाज के रूप में किस तरह का व्यवहार करेंगे। इन स्वैच्छिक नियमों को शुरू से ही संहिताबद्ध किया जाता है और हम शपथ लेते हैं कि हम इन नियमों का पालन करेंगे। इन नियमों में लोगों के अधिकार तथा उनकी जिम्मेदारियां भी शामिल हैं। यह संहिताकरण हमारे गणतंत्र का मूलभूत दस्तावेज है जिसका अंतिम मसौदा औपचारिक रूप से 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा अपनाया गया था। यही कारण है कि हम 26 नवंबर को अपने संविधान दिवस के रूप में मनाते हैं। 26 जनवरी 2023 को हमारा संविधान 73 साल का हो जाएगा। यह दुनिया के सबसे बेहतरीन संविधानों में से एक है। हमारे संविधान को निर्माण प्रक्रिया में संयुक्त राज्य अमेरिका और फ्रांस के संविधानों का लाभ मिला। इन दोनों देशों में लोकतंत्र की स्थापना काफी पहले हो गयी थी। यूनाइटेड किंगडम के पास कोई लिखित संविधान नहीं है। हमारा संविधान केवल उन अन्य संविधानों का संश्लेषण या 'कॉपी-पेस्ट' नहीं है जो इससे पहले निर्मित थे। इसने उन संविधानों की कुछ बेहतरीन विशेषताओं का अध्ययन किया और उन सभी को कुछ इस तरह से समाहित किया जो पूर्णतः भारतीय हैं। भारत के संविधान के मुख्य शिल्पकार के रूप में प्रसिद्ध मसौदा समिति के अध्यक्ष डॉ. बीआर आंबेडकर का 26 नवंबर 1946 का दिया भाषण बार-बार पढ़ने लायक है। यह भाषण मसौदा तैयार करने की प्रक्रिया की परिणति है। इसके लिए लगभग दो साल लगे तथा गहन, स्वतंत्र और गंभीर बहसें हुईं। ये बहसें न केवल इतिहास के विद्वानों के लिए बल्कि उन सभी के लिए भी पढ़ने लायक हैं जो भारत की संप्रभुता, इसके लोकतंत्र और गणतंत्र की परवाह करते हैं। आधुनिक समय में हो रहीं सभी बहसें, चाहे वे समान नागरिक संहिता के बारे में हों या क्या भारत में हिंदू लोकाचार आधारित संविधान होना चाहिए या चर्चा केंद्र और राज्यों के बीच शक्ति संतुलन के बारे में हो अथवा अल्पसंख्यकों को कितनी सुरक्षा दी जानी चाहिए या अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की सीमाओं तथा अन्य किसी विषय पर हों, संविधान सभा में हुई उन बहसों के दौरान इन सभी विषयों पर पूरी तरह से चर्चा की गई है। बेशक, संविधान सभा में हुई बहस ने आने वाले सभी समय की सभी बहसों के लिए अंतिम शब्द का उच्चारण नहीं किया। फिर भी, जब इसका मसौदा तैयार किया गया था तब भी संविधान एक समझौते का प्रतिनिधित्व नहीं करता था बल्कि एक आम सहमति का प्रतिनिधित्व करता था। उस समय जिस तरह की प्रक्रिया अपनाई गई थी उसके कारण यह आम सहमति लंबे समय तक चलेगी। हालांकि हमारा संविधान हमेशा के लिए फ्रीज नहीं किया गया है। पिछले 73 वर्षों में इसे सौ से अधिक बार संशोधित किया गया है। इसका मतलब यह नहीं है कि यह शुरूआत से ही दोषपूर्ण था। इसका मतलब है कि यह एक जीवित दस्तावेज है और बदलते समय, समाज की बदलती प्राथमिकताओं को समायोजित करने के लिए इसमें पर्याप्त लचीलापन है। प्रोफेसर एसएन मिश्रा ने हाल ही में लिखा था कि कई संशोधनों के बावजूद हमारे संविधान में केवल 10 प्रमुख संशोधन हैं और मोटे तौर पर उसी प्रकार के हैं जिन्हें संयुक्त राज्य अमेरिका ने ढाई शताब्दियों में किए हैं। आप संविधान का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा किसे मानेंगे? यह महत्वपूर्ण हिस्सा होना चाहिए मौलिक अधिकार। मौलिक अधिकार ईश्वर द्वारा दिए गए नहीं हैं और न ही वे किसी शास्त्र से आते हैं। डॉ.आंबेडकर ने कहा था कि ये वे उपहार हैं जो हमने स्वयं को दिए हैं। फिर भी ये हक पूर्ण अधिकार नहीं हैं जैसा कि अमेरिकी संविधान में निहित है। उन्हें राज्य द्वारा प्रदत्त किया जा सकता है। सबसे आवश्यक अधिकार जीवन का, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, गतिशीलता की आजादी और भेदभाव न किए जाने का अधिकार है।

# डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की स्मृतियों को भूला नहीं

**पुष्परंजन**

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, हो** के निमंत्रण पर हनोई गये थे। हनोई के संग्रहालय इस बात के गवाह हैं कि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद का क्या जबरदस्त स्वागत उन दिनों हुआ था। हनोई के दोनों तरफ सड़कों पर भीड़। शायद, नेहरू से ज्यादा, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वियतनामियों के दिलों में बस गये थे। पीएमओ द्वारा जारी 3 सितंबर 2016 का वीडियो, यू-ट्यूब पर आप भी देखिएगा। तब प्रधानमंत्री मोदी, हनोई के क्वान सू पगोड़ा में 3 सितंबर 2016 को बौद्ध धर्म गुरूओं की सभा को संबोधित कर रहे थे। भाषण का आरंभ पीएम मोदी के इन शब्दों से है,'इसके पूर्व देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद 1959 में इस पवित्र धरती पर आये थे, आज मुझे आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है।' इसके बाद पीएम मोदी युद्ध और बुद्ध पर बोले। शांति की बात की, और बनारस को बुद्ध की धरती बताते हुए उपस्थित जनों को वहां आने का आमंत्रण दिया। हनोई की उस सभा में विदेश मंत्री एस.जयशंकर समेत उनके मंत्रालय के आला अफसर उपस्थित थे, मगर किसी ने याद दिलाने की हिमाकत नहीं की, कि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद से पहले एक और शख्सियत का वियतनाम आना हुआ था, वो थे देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू। हनोई के आजाद होने के ठीक सात दिन बाद, 17 अक्टूबर 1954 को पंडित नेहरू यहां आये थे स्वागत हो ची मिन्ह ने किया था। बाक हो (अंकल हो)के नाम विख्यात हो ची मिन्ह, 'चाचा नेहरू' से मिल रहे थे। हर वियतनामी के दिल में बसे अंकल हो,1945 से 1955 तक प्रधानमंत्री और 1945 से जीवन के आखिरी दिनों, 2 सितंबर 1969 तक राष्ट्रपति के पद पर रहे।

# घर-घर जाकर बनायें मतदाता

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विधान सभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत आयोग के नियत विशेष अभियान की चार तिथि 12 नवम्बर, 20 नवम्बर, 26 नवम्बर तथा चार दिसम्बर के चतुर्थ विशेष अभियान की अन्तिम तिथि चार दिसम्बर को चित्रकूटधाम मंडल के चित्रकूट के विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों के पोलिंग स्टेशनों पर तैनात बीएलओ ने मतदाताओं के नाम निर्वाचक नामावलियों में शामिल करने को फार्म छह एवं मृत मतदाताओं के नाम नामावलियों से हटाने को फार्म सात की समीक्षा आरपी सिंह 5 इलेक्ट्रोरल रोल आब्जर्वर/आयुक्त चित्रकूटधाम मंडल बांदा ने जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, उप जिलाधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसीलदार के साथ की गई।

रविवार को आयुक्त ने चित्रकूट के पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। चित्रकूट इण्टर कालेज के पोलिंग स्टेशन पर तैनात भाग संख्या 391, 392, 393, 394 के बीएलओ के कुल 20 फार्म-6, 14 फार्म-7 व दो फार्म-8 प्राप्त किये। पाया कि फार्म 6 में सम्बन्धित मतदाता के हस्ताक्षर नहीं हैं। फार्म में इण्ट्री सही नहीं मिली। सम्बन्धित मतदाताओं को प्राप्ति रसीद नहीं दी जा रही है। सम्बन्धित बीएलओ एवं सुपरवाइजर को निर्देश दिये कि फार्म की समस्त इण्ट्री की जांच कर लें। सम्बन्धित मतदाताओं को फार्म की प्राप्ति की रसीद अवश्य दें। कम्पोजिट विद्यालय कर्वी के पोलिंग स्टेशन पर तैनात भाग सं0 404, 405, 406, 407, 408 के बीएलओ के कुल 34 फार्म - 6, 14 फार्म - 7 व 08 फार्म-8 प्राप्त किये। फार्मों के निरीक्षण में पाया कि एक मतदाता के दिये जा रहे आधारकार्ड स्वतः सत्यापित नहीं है। मौके पर उपस्थित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण तथा सुपरवाइजर एवं बीएलओ को निर्देश दिये कि आधार कार्ड पर सम्बन्धित मतदाता के हस्ताक्षर अवश्य कराये। क्षेत्र के कोई भी मतदाता छूटने न पाये। वार्ड मेम्बरों से सम्पर्क कर मतदाताओं को चिन्हित करते हुए घर-घर जाकर फार्म-6 भरवाना सुनिश्चित करें।

# राहुल की भारत जोडो यात्रा के यूपी में आने पर शामिल होंगे कांग्रेसी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कांग्रेस जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल की अध्यक्षता में भारत जोडो यात्रा की तैयारियों को लेकर हुई बैठक में दो बिन्दुओं पर चर्चा हुई। जनवरी के पहले सप्ताह में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अगुवाई में भारत जोडो यात्रा उत्तर प्रदेश में प्रवेश करेगी। जिसमें सौ यात्री जिले से यात्रा में हिस्सा लेंगे। रविवार को कांग्रेस जिला कार्यालय में हुई बैठक में जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल ने कहा कि जिन कांग्रेसियों को यात्रा में शामिल होना है। वे अपने नाम, फोटो, आधारकार्ड कर्वी कार्यालय में जमा करा दें, ताकि प्रदेश में भेजे जा सकें। प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रत्येक जिले में 25 किमी भारत जोडो यात्रा दिसम्बर माह में करायेगी। लगभग दो सौ यात्री प्रान्तीय अध्यक्ष के साथ यात्रा में चलेंगे। इन बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए जिलाध्यक्ष ने कांग्रेसियों से कहा कि भारत जोडो यात्रा जिस दिन जिले में आयेगी, उस दिन भारी तादाद में कांग्रेसी यात्रा में पहुंचकर यात्रा को सफल बनायें। उन्होंने कहा कि अपने स्तर से कांग्रेसी प्रचार-प्रसार करें। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की उत्तर प्रदेश में यात्रा के प्रवेश करने पर भारी तादाद में कांग्रेसी हिस्सा लेंगे। दूसरे प्रतिनिधि संगठनों को भी प्रेरित करेंगे। बैठक में कांग्रेस नेता अवधेश करवरिया, अरुण गुप्ता, चुनबाद प्रसाद, शिवगुलाम वर्मा, यमुना शुक्ला, राममिलन कुशवाहा, कृष्णराज सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता, मानवेन्द्र पटेल, रामऔतार, विकल, सोमनाथ आदि कांग्रेसी मौजूद रहे।



# गन्दगी हटाकर बनायें सेल्फी प्वाइंट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** कामदगिरि स्वच्छता समिति के 46वें अभियान में स्वच्छ भारत मिशन के तहत 75 घंटे लगातार आजादी के अमृत महोत्सव दौरान स्वच्छता अभियान जिले में चलाया जा रहा है। ये अभियान उन स्थानों पर चलाया जा रहा है, जहां पिछले कई सालों से कूडा डम्प रहा है।

रविवार को नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी रामअचल कुरील ने अपील की कि जहां स्वच्छता अभियान चल रहा है, वहां दुबारा कूडा न डालें। कूडा डालने के स्थान से गन्दगी हटाकर सेल्फी प्वाइंट बनाये जा रहे हैं। दुबारा इन स्थानों पर कूडा-कचरा डालने पर नगर पालिका पांच सौ रुपये का जुमार्ना करेगी। कामदगिरि स्वच्छता समिति के अध्यक्ष राकेश केशरवानी ने कहा कि परिक्रमा मार्ग में जहां भी सफाई हो रही है, वहां दुबारा कूडा न डालें। बाजार सामान खरीदने जाते समय झोला अपने साथ जरूर लेकर जायें। प्लास्टिक से बने सामानों का उपयोग कम करें। सभी लोग जिले को स्वच्छ व सुन्दर बनाने की पहल करें।

खाद्य एवं सफाई निरीक्षक कमलाकान्त शुक्ला ने कहा कि स्वच्छता अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वच्छ माहौल बनाये रखने को प्रेरित करना है। स्वच्छ भारत मिशन के शिवा कुमार ने कहा कि लोगों को गन्दगी से होने वाली बीमारियों की जानकारी देकर स्वच्छता का महत्व बताने को अभियान चलाये जाते हैं। स्वच्छता के प्रति जागरूकता ही अभियान का मूल उद्देश्य है। इस मौके पर आभा अभियान के राजेन्द्र त्रिपाठी, अंजू वर्मा, निर्मलेन्द्र पाण्डेय, शुभम केशरवानी, जानकी, जितेन्द्र, विकास सिंह आदि मौजूद रहे।



# वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने बढ-चढकर लिया हिस्सा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** स्व श्रीमती बुइयाबाई इंटर कालेज नारायणपुर के वार्षिकोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक बलिराज राम व विशिष्ट अतिथि के बतौर एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी तथा कालिका देवी इंटर कालेज पुरवा तरौंहा के पूर्व प्रधानाचार्य गिरजाशंकर अवस्थी की मौजूदगी में धूमधाम से समारोह मनाया गया।

रविवार को स्व श्रीमती बुइयाबाई इंटर कालेज परिसर में वार्षिकोत्सव समारोह में विद्यालय की छात्राओं ने राष्ट्र भक्ति से ओतप्रोत नाटक, नृत्य, कव्वालियां व लोकगीत पेश किये। नन्हे-मुन्हे बच्चों ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रम में बढ-चढकर हिस्सा लिया। विद्यालय व कक्षा में स्थान पाने वाले बच्चों को अतिथियों ने पुरस्कृत कर उत्साहवर्धन किया।

मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में जिले में तीसरा स्थान पाने वाली छात्रा कु शिवानी पुत्री मोहनलाल को पुरस्कृत कर उत्साह बढाया। समारोह में भारी तादाद में अभिभावक व क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे। विद्यालय के प्रबंधक प्रमोद कुमार सिंह व प्राचार्य कल्पना सिंह ने अतिथियों का आभार जताया। संचालन सुदामा प्रसाद यादव ने किया।




# मतदाताओं को डराना भाजपा का है चरित्रः अनुज

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** निर्वाचन आयोग के विधानसभा निर्वाचन की विशेष अभियान तिथियों के तहत अन्तिम अभियान तिथि के दिन सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने सपाइयों के साथ बूथों पर पहुंचे। उन्होंने विधानसभा की वोटरलिस्ट में नाम जुडवाने के विशेष अभियान के तहत बूथ 216 कम्पोजिट विद्यालय बनकट में जाकर वोटरलिस्ट में नाम चेककर नये नाम शामिल कराये।

रविवार को अन्तिम अभियान तिथि के दिन सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव सपाइयों के साथ अपने-अपने बूथ पर पहुंचे। सपा जिलाध्यक्ष अनुज सिंह यादव ने बूथ संख्या 16 कम्पोजिट विद्यालय बनकट पहुंचकर मतदाता सूची का अवलोकन किया। बढाये गये नामों को देखा।

जिलाध्यक्ष ने बताया कि जिले के विभिन्न बूथों में अन्तिम अभियान के दिन भी बूथों से बीएलओ नदारद हैं। सपा कार्यकर्ता समेत आम जनता परेशान नजर आई। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने शासन में नये ढंग से चुनाव करा रही है। इससे लोकतांत्रिक मूल्यों का पतन एवं हनन हो रहा है। विपक्ष के नेताओं पर झूंठे मुकदमे लगाकर मतदाताओं को डराना भाजपा का मुख्य चरित्र बन गया है।



# तीन के कब्जे से छह देशी बम बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर कोतवाली कर्वी पुलिस ने तीन लोगों के कब्जे से छह देशी बम बरामद कर गिरफ्तार किया है।



रविवार को चैकी प्रभारी शिवरामपुर रजोल नागर की टीम ने मोहित सिंह पुत्र महेन्द्र सिंह, सुनील पटेल पुत्र रामलखन पटेल निवासी शिवरामपुर के कब्जे से चार देशी बम बरामद कर 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत जेल भेजा है। मोहित सिंह का आपराधिक इतिहास भी कोतवाली कर्वी में दर्ज है। टीम में चैकी प्रभारी रजोल नागर, सिपाही प्रकाश मिश्रा व अरविन्द सोनी शामिल रहे।

इसी क्रम में कोतवाली कर्वी के दरोगा रामआधार सिंह की टीम में छुट्टन पाल उर्फ ललिया पुत्र श्रीपाल निवासी सढा थाना कालिंजर जिला बांदा के कब्जे से दो देशी बम बरामद कर दबोचा है। उसे भी 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत जेल भेजा है। छुट्टन पाल का भी खासा आपराधिक इतिहास है। उस पर चोरी, माल बरामद व एनडीपीएस एक्ट आदि के मामले विभिन्न थानों में दर्ज है। टीम में दरोगा रामआधार सिंह व सिपाही दीपांकर सिंह शामिल रहे।

# डॉ जैन ने अनुराधा पौडवाल को चित्रकूट आने का दिया न्योता

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट के ट्रस्टी डॉ बीके जैन एवं मनोज पांडया ने मुम्बई स्थित महान गायिका अनुराधा पौडवाल के आवास जाकर उनसे भेंटकर चित्रकूट आने का निमंत्रण दिया।

रविवार को भजन एवं फिल्मों में गायिकी के दम पर भारत ही नहीं, विश्व में पहचान बनाने वाली महान गायिका पद्ममश्री डॉ अनुराधा पौडवाल से ट्रस्टी डॉ बीके जैन ने उनके आवास पर मुम्बई में भेंट की। उन्होंने अनुराधा पौडवाल से कहा कि परम पूज्य सद्गुरुदेव की प्रेरणा से धर्मनगरी में ट्रस्ट के विभिन्न सेवा प्रकल्प चल रहे हैं। अनुराधा पौडवाल ने खुशी जताते हुए सेवा प्रकल्पों को सराहा।

ट्रस्टी डॉ बीके जैन ने सद्गुरु परिवार की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह स्वरुप गुरुपादुका एवं गुरुदेव का साहित्य भेंट किया। चित्रकूट पधारने के लिए आमंत्रित किया। अनुराधा पौडवाल ने उनके आमंत्रण को स्वीकार किया। अनुराधा पौडवाल के आने की तिथि जल्द घोषित की जायेगी।



# हाइवे पर टकराए चार वाहन, डंपर में आग लगने से दो जिंदा जले, एक की कूदने से मौत

**अखंड भारत संदेश**

**उन्नाव ।** कानपुर-लखनऊ हाईवे पर अजगैन क्षेत्र के चमरौली के पास एक बार फिर लापरवाही से भीषण सड़क हादसा हुआ। अचानक एक ट्रक चालक के ब्रेक लगाने से पीछे से तेज रफ्तार में आ रहे तीन वाहन आपस में टकरा गए। टक?कर इतनी भीषण थी आग लगने से गिट्टी लदे डंपर में दो लोग जिंदा जल गए, वहीं जान बचाने के चक्कर में नीचे कूदने में एक युवक की मौत हो गई।

डंपर की बाडी को फाड़कर शवों को निकाला गया बाहर

एक डंपर में फंसे दो लोगों को भागने का भी समय नहीं मिला। दोनों जान बचाने के लिए चीखते रहे और उसी में जिंदा जल गए। वहीं दूसरे डंपर का चालक जान बचाने में नीचे कूदा। चर्चा है कि किसी वाहन की चपेट में आकर उसकी मौत हो गई।

20 मिनट बाद पहुंची पुलिस ने दमकल को जानकारी दी। आधा घंटा बाद पहुंची दमकल ने आग पर काबू पाया। क्रेन की मदद से डंपर की बाडी को फाड़कर शवों को निकालने का प्रयास किया गया। शव चालक व क्लीनर के होने की आशंका है। सीओ पंकज सिंह ने बताया कि ट्रक नंबर के आधार पर दिवंगतों की पहचान कराने की कोशिश की जा रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार टकराए वाहनों की स्पीड करीब 70 से 80 किमी प्रतिघंटा थी। रफ्तार अधिक होने से वाहनों के टकराने से आग लग गई।





# गैंगेस्टर एक्ट के वांछित दो आरोपी दबोचे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर कर्वी कोतवाली अवधेश मिश्रा की टीम ने 2/3 गैंगेस्टर एक्ट के वांछित हरीमोहन, प्रेमचन्द्र पुत्रगण स्व दादूराम निवासी लोढवारा को गिरफ्तार किया है। गैंग लीडर हरीमोहन को सक्रिय शातिर किस्म का संगठित गिरोहबन्द अपराधी करार दिया है।

रविवार को कर्वी कोतवाल अवधेश कुमार मिश्रा ने बताया कि हरीमोहन यादव के संगठित गिरोह ने सक्रिय सदस्य प्रेमचन्द्र उर्फ प्रेम गिरोह के अन्य सदस्यों के साथ आर्थिक लाभ प्राप्त करने को आम जनता में भय पैदा कर मारपीट कर अवैध वसूली करते हैं। उन्होंने गैंग लीडर हरीमोहन के 16 विभिन्न आपराधिक मुकदमों का जिक्र करते हुए प्रेमचन्द्र के भी पांच मुकदमों का जिक्र किया है।

दोनों गैंगेस्टर एक्ट के वांछितों को गिरफ्तार करने की टीम में कोतवाल कर्वी अवधेश मिश्रा, सिपाही रंजीत यादव, पवन कुमार व आकाश शामिल रहे।



# पत्नी को बिना तलाक दिए पीआरवी में तैनात दीवान रचाने जा रहा था विवाह, शिकायत पर पुलिस थाने लाई

अखंड भारत संदेश

उन्नाव कानपुर। उन्नाव जिले के बेहटा मुजावर में पीआरवी में तैनात दीवान पहली पत्नी को बिना तलाक दिए दूसरी शादी की कोशिश महंगा पड़ गई। पहली पत्नी की शिकायत पर दूल्हा बने दीवान को पुलिस थाने लाई।

परिजनों में समझौते का प्रयास चल रहा है। दीवान पत्नी को तलाक दिए बिना बेहटामुजावर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती से शुक्रवार को शादी करने जा रहा था। शादी की रस्में निभाई जानी थीं। तभी सीतापुर जिला निवासी पत्नी अपने बालिग बेटे के साथ थाने पहुंची और थानाध्यक्ष को घटना की जानकारी दी। एसओ पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।जानकारी होने पर वधू पक्ष के लोग आक्रोशित हो गए और दीवान से धक्कामुक्की करने लगे। पुलिस दीवान और दोनों परिवार के लोगों को थाने लाई। थाने में समझौते का प्रयास चल रहा है। थानाध्यक्ष रमेशचंद्र साहनी ने बताया कि शादी रुकवा दी गई है। अभी किसी पक्ष से तहरीर नहीं मिली है।

# सम्मोहित कर महिला के ठगे जेवर, तीन महिलाओं को ग्रामीणों ने किया पुलिस के हवाले

**मीरजापुर।** विंध्याचल थाना क्षेत्र के अष्टभुजा चौकी अंतर्गत गेरुआ तालाब पर चाय की दुकान चलाने वाली एक महिला को रविवार को सम्मोहित कर उसके आभूषण की ठगी की गई। ग्रामीणों ने तीन महिला ठगों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया।

गेरुआ तालाब पर चाय की दुकान चलाने वाली महिला गुड्डी पत्नी परशुराम ने बताया कि उसकी दुकान पर तीन महिलाएं पहुंचकर उससे दान मांगती हैं। उसने महिलाओं को 10 रुपया दे दिया। महिलाओं ने उसके सिर पर हाथ रखकर कहा कि तुम्हारे घर में दरिद्रता है। इसे दूर करने के लिए जो भी आभूषण रखी हो आटा में छिपाकर ले आओ और कोई टोकने न पाए। गुड्डी ने कहा कि मुझे कुछ समझ नहीं आया। मैं घर गई और वहां से चांदी की करधनी व पांच छागल आटे में छिपाकर ले आई और उन महिलाओं को दे दिया। उन्होंने कहा कि पीछे मुड़कर मत देखना। कुछ पल बाद मुझे होश आया तो मैंने अपने आसपास के लोगों को घटना की जानकारी दी। गांववालों ने आगे बढ़कर उन महिलाओं को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी।

अष्टभुजा चौकी प्रभारी ने बताया कि तीनों महिलाओं को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ जारी है। आभूषण बरामद कर लिए गए हैं।



# विदेश संदेश

## रूस से आने वाले तेल पर मूल्य सीमा लगाने के यूरोपीय संघ के फैसले के साथ आया जी-7

**वाशिंगटन।** रूस से आने वाले तेल पर 60 रुपये प्रति बैरल की मूल्य सीमा तय करने के फैसले में सात राष्ट्रों के समूह जी-7 और ऑस्ट्रेलिया भी यूरोपीय संघ के साथ आ गए हैं। इस कदम का उद्देश्य वैश्विक बाजारों में रूस से आने वाली तेल की आपूर्ति को जारी रखने और दाम में वृद्धि को रोकने के साथ ही यूक्रेन युद्ध के लिए धन जुटाने की राष्ट्रीय व्लादिमीर पुतिन की क्षमता को कमजोर करना है।

तेल की कम कीमत तय करने के लिए सोमवार की समयसीमा निर्धारित की गई है।जी-7 में शामिल अमीर देश यह सीमा तय कर रहे हैं और इसका उद्देश्य दुनिया को रूस से आने वाले तेल की निर्बाध आपूर्ति जारी रखना है अन्यथा दुनियाभर में ऊर्जा की कीमतें आसमान छूने लगेंगी और मुद्रास्फीति फिर और बढ़ जाएगी। अमेरिका की वित्त मंत्री जेनेट येलेन ने एक बयान में



कहा कि पुतिन के लिए जो राजस्व का प्राथमिक स्रोत है, इस समझौते से उस पर पाबंदी लग सकेगी तथा वैश्विक ऊर्जा आपूर्तियों में भी स्थिरता आएगी। जी-7 गठबंधन के एक संयुक्त वक्तव्य में शुक्रवार को कहा गया कि समूह अधिकतम मूल्य की उचित तरीके से समीक्षा करने और इसमें परिवर्तन करने के लिए तैयार है। रूस के कच्चे तेल के दाम हाल में 60 डॉलर प्रति बैरल से नीचे चले गए थे। अब यूरोपीय संघ के इसकी सीमा 60 डॉलर प्रति बैरल तय करने पर यह मौजूदा दाम के आसपास ही होगी।यह अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड के मुकाबले काफी सस्ता है जो शुक्रवार को 85.48 डॉलर प्रति बैरल था। अमेरिका ने रूसी तेल पर 60 डॉलर प्रति बैरल की मूल्य सीमा लगाने के कदम का स्वागत करते हुए कहा है कि यह एक महत्वपूर्ण उपाय है जिससे उभरते बाजारों और कम आय वाली अर्थव्यवस्था को लाभ पहुंचेगा और यूक्रेन में ''बर्बर युद्ध'' करने के लिए राष्ट्रपति व्लादिमी पुतिन के लिए आवश्यक धन पर भी रोक लग पाएगी। जी-7 और ऑस्ट्रेलिया द्वारा यूरोपीय संघ के इस निर्णय का साथ देने के बाद, येलेन ने कहा, ''इस मूल्य सीमा का लाभ विशेषकर कम और मध्यम आय वाले देशों को मिलेगा जो पुतिन के युद्ध के कारण ऊर्जा तथा खाद्य कीमतों की आसमान छूती कीमतों से परेशान हैं।

## दुनिया की सबसे बड़ी मुस्लिम आबादी वाला देश पास करेगा नया क्रिमिनल कोड, शादी से पहले शारीरिक संबंध बनाने पर होगी 1 साल की जेल

**इंडोनेशियाई।** अगले कुछ दिनों में इंडोनेशियाई संसद से एक नया क्रिमिनल कोड पास कर सकती है। जिसके तहत शादी से पहले शारीरिक संबंध बनाना दंडनीय अपराध माना जाएगा। ऐसा करने एक साल तक की जेल हो सकती है। कानून बिना शादी के पुरुषों और महिलाओं के एक साथ रहने पर भी प्रतिबंध लगाएगा। कोई भी व्यक्ति जो किसी ऐसे व्यक्ति के साथ शारीरिक संबंध बनाता है जो उनके पति या पत्नी नहीं हैं, उन्हें व्यभिचार के लिए 1 (एक) वर्ष के अधिकतम कारावास या द्वितीय श्रेणी के अधिकतम जुर्माने के साथ दंडित किया जाएगा। इंडोनेशिया के उप न्याय मंत्री एडवर्ड उमर शरीफ हेरिज ने रॉयटर्स को बताया कि नया कानून, जो दशकों से बना हुआ है, उसके 15 दिसंबर को पारित होने की उम्मीद है।यह नया कानून देश में रूढ़िवादी मुसलमानों के बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है।



इंडोनेशिया सबसे बड़ा मुस्लिम देश है, लेकिन इसे काफी उदार देश के रूप में जाना जाता है, जहां शरिया कानूनों का कोई राष्ट्रव्यापी आवेदन नहीं है। लेकिन अब यह बदल रहा है और इस्लामी समूह शादी से पहले शारीरिक संबंध पर प्रतिबंध लगाने वाले इस नए कानून का समर्थन कर रहे हैं। हालांकि, देश में महिलाओं, धार्मिक अल्पसंख्यकों और एलजीबीटी व्यक्तियों के खिलाफ भेदभाव करने वाले सैकड़ों स्थानीय कानून हैं।रिपोर्टों के अनुसार, अपराधी के पति या उनके अविवाहित बच्चों के माता-पिता से शिकायत मिलने पर कानून प्रभावी होगा। इसके अलावा, अनुच्छेद 144 कहता है कि शिकायतों को तब तक वापस लिया जा सकता है जब तक कि ट्रायल कोर्ट में परीक्षा शुरू नहीं हुई है। देश के कुछ इस्लामिक समूह

**ऐसा करने एक साल तक की जेल हो सकती है। कानून बिना शादी के पुरुषों और महिलाओं के एक साथ रहने पर भी प्रतिबंध लगाएगा।**

इस कानून के मसौदे का समर्थन कर रहे हैं, जिससे रूढ़िवादिता बढ़ रही है। हालांकि, विरोधियों का तर्क है कि सत्तावादी नेता सुहार्तो के पतन के बाद 1998 में हुए उदार सुधार बेकार हो जाएंगे। 2019 में इस नियम को पारित करने के लिए एक मसौदा भी लाया गया था, लेकिन देश भर में इसका विरोध देखा गया।

## नेपाल निर्वाचन आयोग का बड़ा फैसला, सात राजनीतिक दलों को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दिया गया

**काठमांडू।** नेपाल के निर्वाचन आयोग ने कहा कि नवगठित राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी सहित सात राजनीतिक दलों को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दिया गया है। नेपाल में राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा हासिल करने के लिए आनुपातिक प्रतिनिधित्व वोट का तीन प्रतिशत हासिल करना अनिवार्य है। 'काठमांडू पोस्ट' अखबार ने निर्वाचन आयोग के प्रवक्ता गुरु प्रसाद वागले के हवाले से कहा कि कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नेपाल (यूनीफाइड मार्क्सिस्ट-लेनिनिस्ट) (सीपीएन-यूएमएल), नेपाली कांग्रेस, सीपीएन (माओइस्ट सेंटर), राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी), राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी, जनता समाज पार्टी और जनमत पार्टी को राष्ट्रीय दल का दर्जा दिया गया है। 2017 में निर्वाचित पिछली प्रतिनिधि सभा में छह राजनीतिक दलों-नेपाली कांग्रेस, सीपीएन-यूएमएल, सीपीएन (माओवादी सेंटर), सीपीएन (यूनिफाइड सोशलिस्ट), जनता समाजबादी पार्टी और लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा हासिल था। नेपाली कांग्रेस प्रतिनिधि सभा के लिए हुए सीधे चुनावों में 55 सीटें जीतकर संसदीय चुनावों में अब तक की सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। वहीं, विपक्षी दल सीपीएन-यूएमएल को 44 सीटों पर जीत हासिल हुई है। फिलहाल 162 सीटों के चुनाव परिणाम घोषित किए जा चुके हैं। 275 सदस्यीय प्रतिनिधि सभा में 165 सदस्य प्रत्यक्ष मतदान, जबकि शेष 110 आनुपातिक चुनाव प्रणाली के माध्यम से चुने जाएंगे। सरकार गठन के लिए किसी भी पार्टी को कम से कम 138 सीटों की जरूरत पड़ेगी। आनुपातिक चुनाव प्रणाली के तहत सीपीएन-यूएमएल को सबसे अधिक 27,73,999 वोट मिले हैं। इसके बाद नेपाली कांग्रेस का स्थान आता है, जिसे 26,44,241 वोट हासिल हुए हैं। इसी तरह, सीपीएन (माओवादी सेंटर) को 11,61,256 और आरएसपी को 11,19,996 वोट मिले हैं।

### फलस्तीनी उग्रवादियों के रॉकेट हमले के जवाब में इजराइल ने गाजा पर बमबारी की

**फलस्तीनी।** फलस्तीनी उग्रवादियों की ओर से रॉकेट दागे जाने के बाद इजराइली विमानों ने रविवार तड़के गाजा पट्टी में कई ठिकानों पर हवाई हमला किया जो वेस्ट बैंक में बढ़ते तनाव का संकेत है।



इजराइल की सेना ने कहा कि हवाई हमलों में एक हथियार निर्माण केंद्र और फलस्तीनी उग्रवादी समूह हमास से संबंधित एक भूमिगत सुरंग को निशाना बनाया गया। वर्ष 2007 से फलस्तीन के गाजा क्षेत्र पर हमास का नियंत्रण है। शनिवार शाम किए गए रॉकेट हमले की जिम्मेदारी किसी फलस्तीनी समूह ने नहीं ली, जो गाजा-इजराइल बाड़ के पास एक खुले क्षेत्र में गिरा। इजराइल और फलस्तीनी इस्लामिक जिहाद के बीच अगस्त में तीन दिन तक चली झड़प के बाद से सीमा पर शांति थी। हमास को हथियार जमा करने से रोकने के लिए इजराइल और मिस्र ने गाजा की नाकेबंदी कर रखी है।

### मेरे दोस्त भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शांति के लिए सबको साथ लाएंगे: इमैनुएल मैक्रों



**पेरिस।** भारत ने 01 दिसंबर, 2022 को आधिकारिक तौर पर जी-20 देशों की अध्यक्षता की शुरुआत कर दी है। इसका आरंभ जी-20 यूनिवर्सिटी कनेक्ट कार्यक्रम से हुआ है और समापन 9-10 सितंबर, 2023 को नई दिल्ली में आर्थिक दृष्टिकोण से दुनिया के शीर्ष 20 देशों के प्रमुखों की बैठक के साथ होगा। इस पर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने ट्वीट किया- 'भारत ने जी-20 की अध्यक्षता संभाल ली है। मुझे विश्वास है कि मेरे मित्र नरेन्द्र मोदी हमें शांति और अधिक टिकाऊ दुनिया बनाने के लिए साथ लाएंगे।'

बाली में जी-20 के सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि भारत-फ्रांस के निकट संबंध वैश्विक भलाई की शक्ति रखते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने दोपहर के भोजन पर फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों से बातचीत की थी। मोदी ने ट्वीट किया था- ''हमेशा की तरह इमैनुअल मैक्रों के साथ अच्छी बातचीत हुई। हमने रक्षा, परमाणु ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा में सहयोग बढ़ाने समेत विभिन्न विषयों पर गहन चर्चा की।'' उल्लेखनीय है कि भारत और फ्रांस के बीच सक्रिय तथा बहुआयामी संबंध हैं। 1998 में दोनों देशों ने रणनीतिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। उच्च राजनीतिक स्तर पर नियमित बातचीत, व्यापक रक्षा सहयोग तथा सक्रिय सांस्कृतिक संपर्क ने इस साझेदारी को अधिक परिपक्व बनाने में

## लॉकडाउन में पूरी छूट देने से बर्बाद हो जाएगा चीन, लाशों के लग जाएंगे ढेर, सामने आए चौंकाने वाले आंकड़े

**बीजिंग।** भारी विरोध प्रदर्शन का सामना करने के बाद चीन अपनी शून्य कोविड नीति को कम करने के लिए कदम उठाना शुरू कर दिया है। कम प्रभावित जगहों पर से पाबंदी हटाई जा रही है। बीजिंग में कोरोना की जांच करने वाले बूथों को हटा दिया गया है, जिसके बाद लोगों ने खुशी जताई है। वहीं शेनझेंग शहर में अब यात्रा के लिए कोरोना टेस्ट रिपोर्ट दिखाने की जरूरत नहीं होगी। लेकिन इन सब के बीच वैज्ञानिकों की एक चौंकाने वाली रिपोर्ट भी सामने आई है जो कि यहां के नागरिकों को डरा सकती है। दरअसल, इस रिपोर्ट में बताया गया है कि अगर देश में पूरी तरह से छूट दी जाती है तो देश में कितनी मौतें हो सकती हैं और क्यों?

**अभी चीन में पूरी तरह छूट के बाद 20 लाख से अधिक लोगों की होगी मौत**

दक्षिण-पश्चिमी ग्वांग्शी क्षेत्र में रोग नियंत्रण केंद्र के प्रमुख झोउ जियातोंग ने पिछले महीने शंघाई जर्नल ऑफ प्रिवेंटिव मेडिसिन द्वारा प्रकाशित एक रिपोर्ट में कहा था कि अगर चीन पूरी तरह से कोरोना प्रतिबंधों में ढील देता है तो यहां लाशों की ढेर लग जाएगी। इस छूट से 20 लाख लोगों की जान जा सकती है जो कि चीन की अर्थव्यवस्था को धाराशायी कर सकती है।

**23.3 करोड़ लोग हो जाएंगे संक्रमित**

इस रिपोर्ट में आगे बताया




गया है कि कोरोना प्रतिबंधों में पूरी तरह से ढील देने के बाद संक्रमितों की संख्या में भी बेतहाशा वृद्धि होगी। वैज्ञानिकों के अनुसार पूर्णतया छूट देने के कुछ दिन बाद 23.3 करोड़ लोग संक्रमित हो सकते हैं।

**चीन में कोरोना के आंकडों ने डराया**

आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक महामारी की शुरुआत से अब तक चीन में 97.13 लाख लोग संक्रमित हो गए हैं वहीं इस दौरान 30,388 लोगों की मौत हुई है। वहीं पिछले 24 घंटों की बात करें तो 22,407 मामले सामने आए हैं।

**कम टीकाकरण और हाइब्रिड इम्युनिटी की कमी बन सकती है वजह**

ब्रिटिश वैज्ञानिक सूचना और एनालिटिक्स कंपनी एयरफिनिटी ने सोमवार को कहा कि अगर चीन देश कम टीकाकरण और हाइब्रिड इम्युनिटी की कमी के बावजूद अपनी शून्य-सीओवीआईडी नीति को हटाता है तो 13 लाख से लेकर 21 लाख लोगों की मौत हो सकती है। दरअसल, चीन में जनसंख्या के मुताबिक टीकाकरण की रफ्तार बहुत कम है इसलिए थोड़ी भी ढील घातक साबित हो सकती है। चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग के अनुसार देश में 80 वर्ष से अधिक उम्र के केवल 66 फीसदी लोगों को कोविड-19 रोधी टीका लगाया गया है, जबकि इस आयु वर्ग के सिर्फ 40 प्रतिशत लोगों को बूस्टर खुराक दी गई है।

**चीन की अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा बुरा असर**

ब्रॉकर फर्म सूची सिक्योरिटीज के अनुसार चीन में कोरोना टेस्टिंग पर इस वर्ष जीडीपी का 1.5 फीसदी खर्च हो चुका है। कोविड टेस्टिंग इतनी महंगी है कि केवल पहली छमाही में 35 कंपनियों ने पब्लिक से 1.70 लाख करोड़ रुपये कमाए हैं।

## ईरान ने दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में एक नए परमाणु ऊर्जा संयंत्र का निर्माण कार्य किया शुरू: सरकारी मीडिया

**ईरान।** ईरान ने देश के दक्षिण-पश्चिमी क्षेत्र में एक नए परमाणु ऊर्जा संयंत्र का निर्माण कार्य शुरू कर दिया। ईरान के सरकारी टीवी ने यह खबर दी। विश्व शक्तियों के साथ इस्लामिक गणराज्य के परमाणु समझौते से अमेरिका के हटने के बाद ईरान पर लगाए गए व्यापक प्रतिबंधों के कारण उत्पन्न तनाव के बीच यह निर्माण शुरू हुआ है। यह घोषणा ऐसे वक्त आई है जब पुलिस की हिरासत में एक युवती की मौत के बाद देश भर में शुरू हुए सरकार विरोधी प्रदर्शनों से ईरान हिल गया है।देश की सरकारी टेलीविजन और रेडियो एजेंसी ने बताया कि 'करून' नाम के 300 मेगावाट के नए संयंत्र को बनने में आठ साल लगेंगे और इस पर करीब दो अरब अमेरिकी डॉलर की लागत



आएगी। इसने कहा कि यह संयंत्र ईरान के तेल समृद्ध खुजेस्तान प्रांत में इराक के साथ लगती इसकी पश्चिमी सीमा के पास स्थित होगा। संयंत्र के शिलान्यास समारोह में ईरान के असैन्य परमाणु ऊर्जा संगठन के प्रमुख मोहम्मद इस्लामी ने भाग लिया, जिन्होंने पहली बार अप्रैल में 'करून' के लिए निर्माण योजनाओं की शुरुआत की थी।ईरान के बुशहर के दक्षिणी बंदरगाह पर एक परमाणु ऊर्जा संयंत्र है तथा कई भूमिगत परमाणु केंद्र भी हैं। 'करून' के निर्माण की घोषणा ऐसे वक्त आई है जब ईरान ने दो सप्ताह से भी कम समय पहले कहा था कि उसने देश के भूमिगत फोर्डो परमाणु केंद्र में 60 प्रतिशत शुद्धता पर समृद्ध यूरेनियम का उत्पादन शुरू कर दिया है। इस कदम को देश के परमाणु कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण वृद्धि के रूप में देखा जा रहा है।

### पाकिस्तान सामूहिक हत्याकांड के लिए कुख्यात देशों में सबसे ऊपर

**इस्लामाबाद।** यूएस थिंक टैंक अर्ली वार्निंग प्रोजेक्ट के ताजा आकलन में चेताया गया है कि पाकिस्तान लगातार तीसरी बार बड़े पैमाने पर सामूहिक हत्याएं दर्ज करने वाले देशों की सूची में पहले पायदन पर है। 28 पेज की इस रिपोर्ट में कहा गया कि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) की हिंसक गतिविधियां पाकिस्तान में मानवाधिकारों को चुनौती दे रही हैं। द अर्ली वार्निंग प्रोजेक्ट संयुक्त राज्य अमेरिका के होलोकॉस्ट मेमोरियल म्यूजियम में साइमन-स्कजोड सेंटर फॉर द प्रिवेंशन ऑफ जेनोसाइड और डार्टमाउथ कॉलेज में डिकी सेंटर फॉर इंटरनेशनल अंडरस्टैंडिंग की संयुक्त पहल है। शीर्ष दस की सूची में अन्य एशियाई देशों में म्यांमार दूसरे स्थान पर और यमन तीसरे स्थान पर है। अर्ली वार्निंग प्रोजेक्ट शोध संगठन है। यह बड़े पैमाने पर हिंसा के जोखिम वाले देशों की पहचान करता है। रिपोर्ट में तालिबान की एक स्थानीय शाखा द्वारा हिंसा का हवाला दिया गया है, जो पहले से ही राजनीतिक और आर्थिक संकटों का सामना कर रहे राष्ट्र के लिए मुख्य चुनौतियों में से एक है। यह रिपोर्ट ऐसे समय आई है जब तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान ने इस सप्ताह सरकार के साथ संघर्ष विराम को वापस लिया है। यह संगठन संयुक्त राज्य अमेरिका और संयुक्त राष्ट्र द्वारा एक विदेशी आतंकवादी संगठन के रूप में सूचीबद्ध है। संयुक्त राष्ट्र के अनुमान के अनुसार, अफगानिस्तान में इसके 4,000 से 6,500 लड़ाके हैं। इसका फैलाव कबायली क्षेत्र से बाहर पाकिस्तानी शहरों तक है।

## नवनियुक्त सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर बोले हमला होने पर भारत के साथ जंग को तैयार पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के नवनियुक्त सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने कहा कि अगर उनके देश पर हमला होता है, तो पाकिस्तानी सशस्त्र बल ''न सिर्फ अपनी मातृभूमि के एक-एक इंच की रक्षा करेंगे, बल्कि दुश्मन देश को मुंहतोड़ जवाब भी देंगे।''

मुनीर ने पाकिस्तान सेना के प्रमुख का पद संभालने के बाद शनिवार को पहली बार नियंत्रण रेखा (एलओसी) का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने रखचिकरी सेक्टर में तैनात पाकिस्तानी सैनिकों से मुलाकात की।

मुनीर ने कहा, 'हमने हाल में गिलगित बाल्टिस्तान और जम्मू-कश्मीर पर भारतीय नेतृत्व के अत्यधिक गैर-जिम्मेदाराना बयान सुने हैं। मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि अगर हम पर हमला होता है तो पाकिस्तान के सशस्त्र बल न केवल अपनी मातृभूमि के एक-एक इंच की रक्षा करने के लिए,



बल्कि दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए हमेशा तैयार हैं। जनरल मुनीर ने 24 नवंबर को जनरल कमर जावेद बाजवा की जगह ली थी।बाजवा पाकिस्तान सेना प्रमुख के रूप में दो बार तीन-तीन साल का कार्यकाल संभालने के बाद सेवानिवृत्त हुए थे। सीमावर्ती क्षेत्रों के दौरे के दौरान जनरल मुनीर को नियंत्रण रेखा के पास के ताजा हालात और पाकिस्तान सेना की अभियानगत तैयारियों से अवगत कराया गया। जनरल मुनीर ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में उच्च मनोबल और पेशेवर क्षमता का परिचय देते हुए अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए पाकिस्तानी सैनिकों और अधिकारियों की तारीफ की।

## अमेरिका ने पाकिस्तान और चीन समेत 12 देशों को विशेष चिंता वाला देश घोषित किया

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने चीन, पाकिस्तान और म्यांमा समेत 12 देशों को वहां की धार्मिक स्वतंत्रता की मौजूदा स्थिति को लेकर ''विशेष चिंता वाले देश'' घोषित किया है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने इस बाबत घोषणा करते हुए कहा कि दुनिया भर में सरकारें तथा सरकार से इतर तत्व लोगों का उनकी आस्थाओं के आधार पर उत्पीड़न करते हैं, उन्हें धमकाते हैं, जेल में डाल देते हैं और यहां तक कि लोगों की हत्या कर दी जाती है। उन्होंने कहा कि कुछ उदाहरणों में, वे राजनीतिक लाभ के अवसरों का फायदा उठाने के लिए लोगों की धर्म या आस्था की स्वतंत्रता का गला घोंटते हैं।ब्लिंकन ने कहा कि ये कार्रवाइयां विभाजन पैदा करती हैं, आर्थिक सुरक्षा को कमजोर करती हैं और राजनीतिक स्थिरता एवं शांति को खतरा पैदा करती हैं तथा अमेरिका इन दुर्व्यवहारों का समर्थन नहीं करेगा। ब्लिंकन ने




कहा, ''आज, मैं म्यांमा, चीन, क्यूबा, एरिट्रिया, ईरान, निकारागुआ, उत्तर कोरिया, पाकिस्तान, रूस, सऊदी अरब, ताजिकिस्तान और तुर्कमेनिस्तान को धार्मिक स्वतंत्रता के गंभीर उल्लंघन में शामिल होने के लिए अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता कानून 1998 के तहत विशेष चिंता वाले देश घोषित कर रहा हूं।''ब्लिंकन ने अल्जीरिया, मध्य अफ्रीकी गणराज्य, कोमोरोसा और वियतनाम को भी धार्मिक स्वतंत्रता के गंभीर उल्लंघन में शामिल रहने या उसे बर्दाश्त करने के लिए विशेष निगरानी वाली सूची में रखने की जानकारी दी। अमेरिका ने अल-शबाब, बोको हराम, हयात तहरीर अल-शाम, हूथीस, आईएसआईएस-ग्रेटर सहारा, आईएसआईएस-वेस्ट अफ्रीका, जमात नुसरत अल-इस्लाम वल-मुस्लिमिन, तालिबान और वैगनर समूह को भी मध्य अफ्रीकी गणराज्य में उनकी कार्रवाइयों के आधार पर ''विशेष चिंता वाले संगठन' के रूप में चिह्नित किया है।

### पीयूष गोयल बाजरा-स्मार्ट पोषक भोजन कॉन्क्लेव में होंगे मुख्य अतिथि

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित बाजरा-स्मार्ट पोषक भोजन 'कॉन्क्लेव में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने यह जानकारी दी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने रविवार को जारी एक बयान कहा कि इस कॉन्क्लेव का आयोजन अपने शीर्ष कृषि निर्यात संवर्धन निकाय, कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) के माध्यम से कर रहा है, जिसका उद्देश्य बाजरा के निर्यात को बढ़ावा देना है।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्

Title UPHIN 29506

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।